वैदिक वाङ्मये कर्मणः त्रयः भेदाः मन्यन्ते। सञ्चितप्रारब्धक्रियमाणाश्च, मानवजीवनोत्पन्नाः ये रोगा भवन्ति ते त्रिविधपापकर्मोत्पन्नाः भवन्ति, अतएव ज्योतिशास्त्रस्यफलितस्कन्धे सञ्चितकर्मजन्यफलस्य विचार आधानकुण्डल्यां एवं जनमकुण्डल्यां निर्मितयोगमाध्यमेन भवति। प्रारब्धकर्मफलविचारः दशाऽन्तर्दशावशात् एवं क्रियमाणकर्मफलस्य विचारः गोचर एवं प्रश्नकुण्डल्या माध्यमेन च भवति। पापकर्मप्रभावेण मानवजीवनमवश्यमेव प्रभावितं भवति। सत्यमेव कथिमस्ति यत्-"**जन्मान्तरकृतं पापं व्याधिरूपेण जायते**"[1], अस्तु रोगस्यकारणं किम्? पूर्वमेवरोगज्ञानं कथं भवितुं शक्यते? केपोपायेन रोगस्यशमनं भवितुंशक्यते? इत्यादीनां विषयाणां ज्योतिषशास्त्रालोकेऽनुशील-नस्यैकौ लघुप्रयासः प्रस्तुतशोधपत्रेऽस्तीति।

ज्योतिषशास्त्रे रोगविचारः

ज्योतिषशास्त्रस्यानुसारेण रोगविचारः जन्मकुण्डल्यामथवा आधानमुण्डल्यां षष्ठभावेन षष्ठाधिपतिः अष्टमव्ययभावेसति, अस्यातिरिक्तं पापप्रभावयुक्तराशयः भावाश्च, नीचराश्यस्तंगतगृह निर्बललग्नेशश्च

1. प्रश्नमार्गः 13/19

अवरोहीक्रूरषष्ठ्यांशगत मारकबालारिष्टकारकग्रहोपि रोगकारकमन्यते। एषां शुभाशुभत्वबलाबलत्वाधारेण–रोगप्रभाव कालावधेश्च निर्धारणं भवति। षष्टाष्टमव्ययाधिपत्येन परिवर्तनयोगः यदि भवेत् तर्हि तद्भावसम्बद्धाङ्गजनित रोगं ददाति। सर्वार्थचिन्तामणौ अस्योदाहरणं प्रत्यक्षतः दृश्यते, यथा–


सुतोशेरिपुभावस्थे कारके रविसंयुते।
गर्भाभावयुताभार्या जायते च मृतप्रजा।।[1]

लग्नात् साक्षात् शरीरस्यविचारो भवति, लग्नस्थग्रहस्थितिः मांसत्वग्वसावीर्यस्नाधातूनां प्रतिनिधित्वं करोति। यदिलग्नस्थः ग्रहः निर्बल पापप्रभावेण युक्तः भवति तर्हि स्वकारकत्वानुसारेण निश्चितरूपेण निम्नरोगं ददाति। यथा च क्रमशः–

सूर्यः अस्थिज्वरः, अस्थिदौर्बल्यं कर्णरोगः।
चन्द्रः रक्तविकारः, रक्ताभावः, रक्तचापः।
भौमः शुष्करोगः, हृदयरोगः फुफ्फुसविकारः, नितम्बरोगः, उरुप्रदेशेविकारः
बुधः त्वक्रोगः मूत्ररोगः वाक्रोगः श्रवणशक्तिहीनः।
गुरुः स्थौल्यता, दौर्बल्यता, मुखदुर्गन्धः, उदरान्त्रमेदाविकारः।
शुक्रः वीर्यविकारः प्रमेहः, मधुमेहः, धातुक्षयः, नेत्र रोग एवं मूत्ररोगः।
शनिः स्नायुतन्त्रविकारः हृदयशूलः, श्वासविकारः, गलगण्डरोगादि।

एवम्प्रकारेण नीचराशिस्थलग्नेश शत्रुराशिस्थः निर्बलोऽस्तंगतग्रहः यस्य–यस्य अङ्गस्य प्रतिनिधित्वं करोति तदङ्गस्य विकासोप्यवरुद्धं करोति। फलतः स्वतत्वाऽभाववशात् कारकत्वानुसारेण अङ्गधातूनांमध्ये विकारोत्पन्नं कृत्वा रोगः ददाति।[2]

रोगाणां वर्गीकरणम्–ज्योतिषशास्त्रेषु रोगाणां मुख्यतः भेदद्वयं भवति। सहजागन्तुकश्च, सहजरोगाअपि द्विधा विभज्यते। शारीरिकं मानसिकश्चेति आगन्तुकरोगाअपि द्विधाभवति, दृष्टिनिमित्तजन्यादृष्टनिमित्तजन्यञ्च। तयोऽपिभेदद्वयं भवति शारीरिक मानसिकश्च।



1. सर्वार्थचिन्तामणिः अ. 5 श्लो. 17
2. सारावली अ. 16 श्लोक 15, अ. 22, श्लोक 8, 40

1. सहजरोगाः (जन्मजातरोगाः)–जन्मजातरोगाणं कारणं जातकस्य पूर्वजन्मकृतकर्माणि एवं मातृ-पितृकृत्कर्माणि मन्यते। ज्योतिषशास्त्रे जन्मजातरोगाणां विचारः गर्भाधानकुण्डल्यां षष्ठामाधिपतिनां एवं भावस्थग्रहमाध्यमेन भवति। यथा–अष्टमस्थानस्य सम्बन्धः अष्टमेशेन सह साक्षात् भवति तदुत्पन्नरोगाः असाध्यरोगाः भवन्ति, यत्र सम्बन्धः स्पष्टं न भवति। ते साध्यरोगाः कथ्यन्ते। अन्धत्व-पङ्गुत्व बधिरत्व व्रणत्व-खञ्जत्व मूकत्व-क्लीवत्व हीनाङ्ग-अधिकाङगादि शारीरिक सहजरोगाः भवन्ति एवं जड़ता-उन्माद-अपस्मार मतिहीनादि मानसिककरोगाः भवन्ति।

2. आगन्तुकदृष्टिनिमित्तजन्यरोगाः–शापाभिचारघातसंसर्गमहामारीभयादि[1] एवं प्रत्यक्षघटना-भिरूत्पन्नरोगाः दृष्टिनिमित्तजन्यरोगाः कथ्यंते। एते रोगाः अकस्मादुत्पन्नाः भवति। व्रणदुर्घटनादिवशादकस्मात् मृत्युः अङ्गभङ्गसङ्क्रमाकरोगाः राजयक्ष्माकुष्ठ जलभयाग्निभयविषभव सर्पदंश-पशुभय शापाभिचारजन्यरोगाः।

अदृष्टनिमित्तजन्यरोगाः

येषां रोगाणां कारणं प्रत्यक्षं न दृश्यते ते अदृष्टनिमित्तजन्यरोगाः कथ्यन्ते। बाधकग्रहनक्षत्रयोगेन एषां रोगाणां ज्ञानं भवितुं शक्यते। ये वातपितकफादि विकारेणोत्पन्नाः भवति। अमावात-शूल-संधिशूल-पक्षाघात-रक्तपित्त-दाह-तृष्णा-कफकास-शोथ-स्वास-ज्वर-पाण्डु-सोफ-शुष्कहृदि-स्थौल्य-त्वग्रोगादि अदृष्टनिमित्तजन्यं भवति। एतदतिरिक्तम् केचनागन्तुकासाध्यरोगा औषधि चिकित्साभ्यामपि न शाम्यन्ति ते च यथा–

जठर गुदजोन्मादापस्मृत्यसृगुत्सृतिपङ्गुता
श्रुतिविकलतावाग्वैकल्य प्रमेहभगन्दरा
प्रदरपवनव्याधिश्वित्रक्षयक्षणान्धता,
तिमिरवदनध्राणार्शांसि स्वयथुविपचीव्रणाः,
वाल्मीककाकिणिकसङखपुडरीक-
रक्तार्बुदव्रणविसर्प वपुः प्रकम्पाः,
पक्षाभिधातनलं गलग्रहाश्म,
दंडापतानकसमीरणशोणिताद्याः
दन्तामयाः स्युरपरद्रविणापहार-
दुर्वङ्गनागमनविप्रवधादिभिर्ये,
दुष्कर्मभिस्तनुभृतामिह कर्मजास्ते
नोपक्रमेण भिषजामुपयान्ति सिद्धिम्॥[2]

---

1. फलदीपिका – रोगनिर्णयाध्यायः
2. वीरसिंहावलोकम् 108

अनेन प्रकारेण विभिन्नरोगाणामध्ययनादनन्तरं अहम् वक्तु शक्नोमि यत् सर्वेषां रोगाणां मूलं मानवस्य अनुचिताहार-विहार एवं जन्म-जन्मान्तरे कृत्पापकर्मणामेव फलमस्ति।

ज्योतिषशास्त्रेरोगनिवृत्योपायाः

येन प्रकारेण सर्वेषां कार्याणां सहायक-सामग्री दृष्टादृष्टभेदद्वयेन भवति। तदेव दृष्टादृष्टनिमित्तजन्यरोगाणां निवृत्यर्थे उपायऽपि द्विधा भवति। दृष्टोपायेषु ग्रहचिकित्साऽदृष्टोपायेषु-प्रायश्चित्तञ्च।

ग्रहचिकित्साषु मुख्यतया मणिमन्त्रौषधिदानस्नानञ्च प्रयुज्यते। ग्रहचिकित्सायाः कृते स्वतन्त्ररूपेण रत्नविज्ञान-मंत्रशास्त्र-आयुर्वेद-धर्मशास्त्रादि विषयाणां प्रणयनमभवत्। अस्मिन् पत्रे केवलं ज्योतिषशास्त्रदृष्ट्या रोगाणां निवृत्युपायाः सन्ति। यथा च-

(क) रत्नमणिधारणं-आचार्य वराहमिहिरस्य बृहत्संहितायां विभिन्न रत्नमणीनां वर्णनमुपलब्धंभवति। रत्नधारणस्य विषये कानिचित् सिद्धान्तानि सन्ति। तेषां विस्तृतविवेचनं रत्नविज्ञाने कृतमस्ति।

अतः रोगनिवृत्यर्थे मेषादिलग्नेषूत्पन्नजातकानां कृते स्वलग्नेशस्य रत्नधारणमावश्यकमस्ति। यदा लग्नेशः पुष्टः भवति तदा रोगनिरोधकक्षमतायाः विकासः भवति। यस्यरोगनिरोधिक्षमता अधिका भवति तस्योपरि रोगाणाम्प्रभावोऽप्यल्पो भवति। विविधलग्नेषूत्पन्नजातकानां कृते तत्सम्बन्धितधारणीयरत्नानि एतानि उक्तानि सन्ति। यथा-

माणिक्यमुक्ताफलविद्रुमाणि गारुत्मकं पुष्पकवज्रनीलम्।
गोमेदवैदूर्यकमर्कतः स्यु रत्नान्यथो ज्ञस्य मुदे सुवर्णम्।[1]

अतः स्वानुकूलगुणधर्मादियुक्तरत्नधारणेन रोगाणाम् प्रभावः क्षीयते।

मन्त्रानुष्ठानम्-रोगनिवृत्यर्थे ग्रहाणां मंत्रानुष्ठानमपि प्रमुखोपाय। 'आकृष्णेनरजसा0', 'इमंदेवा0', 'अग्निमूर्धादिव0', 'उद्बुध्य स्वागने0', 'बृहस्पतेऽति यदर्यो0', 'अन्नात्परिस्त्रु0', 'शन्नोदेवीरभिष्टय0', 'कयानश्चित्र0', 'केतुं कृण्वन्नकेतवे0', इत्यादि नवग्रहाणां प्रमुखवैदिकमंत्रा मन्यते।[2] यदा यस्य-यस्य रोगकारकग्रहस्य दशान्तर्दशा आगच्छति तदा तस्यग्रहस्य मंत्रानुष्ठानमावश्यकमस्ति। प्रतिदिनं निर्धारितसंयातुल्यजपम् तदनन्तरम् दशांशोनहोमः दशांशेन तर्पणं दशांशेनमार्जनं तथा च दशांशतुल्यं विप्रभोजनं मंत्रानुष्ठानं कथ्यते। यथा च विवरणं-

1. मुहूर्तचिन्तामणिः - गोचर प्रकरणम् श्लोक 10
2. बृहत्पाराशरहोराशास्त्रम् अ. 85, श्लोक 17, 18

ग्रहाणाम् मन्त्रानुष्ठानेषु जपादिसंख्या

ग्रह	जपसंख्या	हवनसंख्या	तर्पणसंख्या	मार्जनसंख्या	विप्रभोजनसंख्या
सूर्यः	28000	2800	280	28	3
चन्द्रः	44000	4400	440	44	5
भौमः	40000	4000	400	40	4
बुधः	36000	3600	360	36	4
गुरुः	76000	7600	760	76	8
शुक्रः	64000	6400	640	64	7
शनिः	92000	9200	920	92	10
राहुः	72000	7200	720	72	8
केतुः	68000	6800	680	68	7

उक्तवैदिकमन्त्राणामभावे सूर्यादिग्रहाणां तान्त्रिकमंत्राऽपि सन्ति।[1] तेषामपि प्रयोगं भवितुं शक्यते।

औषधिचिकित्सा–ग्रहदोषनिवारणार्थे रोगाणां निवृत्यर्थे विविधौषधमूलान्यपि प्रमुखोपायाः सन्ति। एताषामौषधीनां वर्णनमपि ज्योतिषशास्त्रे समुपलभ्यते। यथा–

मूलेधार्यं त्रिशूल्याः सवितरि विगुणः क्षीरकामूलमिन्दो
जिह्वाहेर्भूमिपुत्रेरजनिकरसुते भवतिशुभकरं सिंहपुच्छस्य मूलं
विच्छोलं चार्कपुत्रे तमसि मलयजं केतुदोषेश्वगन्धम्।[2]

सूर्यादिग्रहाणां कृते क्रमशः विल्व-क्षीरणी-नागजिह्वा-विधार-भाङ्ग्री-सिंहपुच्छ-विच्छोल-मलयचन्दन-अश्वगन्धादि प्रसिद्धा सन्ति। एताषु औषधीषु सर्वथा रत्न इव शक्तिः भवति।

स्नानम्–रोगकारकग्रहाणां वैकृतपरिहार्थे सौषधजलस्नानमथवा क्वाथस्नानं कथितमस्ति। विभिन्नग्रहाणां कृते रोगकारकस्थितिवशादोषधस्नानं च यथा–

लजाकुष्ठबलाप्रियङ्गुधनसिद्धार्थेनिशादारूभिः।
पुङ्खालोध्रयुतैर्जलैर्निगदितं स्नानं ग्रहोत्थावहृत्।।[3]

---

1. मन्त्रमहोदधि – शुकदेव चतुर्वेदी, प्राच्य प्रकाशन, वाराणसी, 1980
2. मुहूर्त चिन्तामणि गोचर प्रकरणम् श्लोक 16
3. मु.चि.गो.प्र. श्लोक 18

अन्यञ्च सप्रियङ्गुरजनीद्वयमांसी कुष्ठलाजसितसर्षपखण्डैः।
वारिभिः सहवचैः सहलोध्रैः सननमत्तिनिखिलग्रहपीड़ाम्।।

एतदतिरिक्तं रत्नमालायामपि प्रत्येकग्रहाणामौषधस्नानस्य पृथग्पृथक् वर्णनमुपलब्धं भवति।

दानम्—आचार्य सुश्रुतानुसारेण ये दोषप्रकोपजन्यशारीरिकमानसिक रोगाः भवन्ति। ते औषध्यादिसेवनेन प्रशस्ताः न भवन्ति तेषां कृते रोगकारकग्रहाणां दानमावश्यकमस्ति। ते च क्रमशः यथा—

कौसुम्भवस्त्रंगुडहेमताम्रं माणिक्यगोधूमसुवर्णवस्त्रम्।
सवत्सगोदानमिति प्रणीतं दुष्टार्यमार्त्तिघ्नमसूरकिाश्च।।[1]

चन्द्रस्य घृतकलशं सितवस्त्रं दधिशङ्खौ चैव मौक्तिकसुवर्णे।
रजतं च सम्प्रदद्याच्चन्द्रारिष्टोपशमनाय।।

भौमस्य प्रवालगोधूमगसूरिकाश्च वृषश्च ताम्र करवीरपुष्पम्।
आरक्तवस्त्रं गुडहेमताम्रं दुष्टायभौमाय सचन्ददं हि।।

बुधस्य नीलं वस्त्रं मुद्गदानं बुधाय रत्नं पाचीदासिका हेमसर्पिः।
कास्यं दन्तः कुञ्जरश्चाभ मेषो रौप्यं सर्वंपुष्पजात्यादिकंच।।

गुरोः अश्वः सुवर्ण शुकपीतवस्त्रं सपीतधान्यं लवणं सपुष्यम्।
सशर्करं तद्रजनीप्रयुक्तं दुष्टाय शान्त्यै गुरवे प्रदेयम्।।

शुक्रस्य चित्रवस्त्रमपिदानमर्चिते दुष्टगे मुनिवरैः परिगीतम्।
तण्डुलं घृतसुवर्णरूप्यकं वज्रकं परिमलो धवलोऽश्वः

शनेः नीकलं महिषं कृष्णं वस्त्रं लौहं सदक्षिणम्।
दद्याच्चदक्षिणायुक्तंशनिदौष्ट्यप्रशान्तये।।

राहोः राहोदानमिदं मेषो गोमेदं लौहकम्बलौ।
सुवर्णं नागरुप्यं च सतिलं ताम्रभाजनम्।।

केतोः केतोः वैदूर्यमलं तैलं च मृगमदस्तथा।
ऊर्णास्तिलाश्च संयुक्ता दद्याक्लेशानुपत्तये।। इति।।

निष्कर्ष : अनेन प्रकारेण ज्योतिषशास्त्रस्य फलितस्कन्धे विभिन्नग्रन्थेषु वर्णितबहुमूल्यसिद्धान्तानां माध्यमेन अन्वय-व्यतिरेकि-रूप-कार्य-कारणजन्यानुमानेन मानवजीवने आगन्तुकरोगाणां पूर्वानुमानं भवितुं शक्यते। तेषां सह रोगोत्पत्ति-समाप्ति-साध्यसाध्यत्वं ज्ञात्वा उपरोक्तोपायेन चिकित्साऽपि भवितुं शक्यते। यः आधुनिक पाश्चात्यचिकित्सापद्धतये प्रेरणाश्रोतोऽस्ति। इति मे विश्वासः।

---

1. दैवज्ञमनोहर - ग्रह चि. श्लोक 22

वैदिक यम एवं अवेस्तीय यिम

प्रो. मनोज कुमार मिश्र

वैदिक एवं अवेस्तीय उभय वाङ्मय में 'यम' का अनेकत्र उल्लेख हुआ है। वैदिक यम का ही अवेस्तीय समरूप 'यिम' है। यह भारत-ईरानी देवशास्त्र में हमत्त्वमण्डित स्थानान्वित है। प्रस्तुत निबन्ध में यमसम्बद्ध कुछ विशेष तथ्यों के प्रकटीकरण का प्रयास किया जा रहा हैं 'यम्' धातु का अर्थ है नियमन[1] अतः यम का अर्थ है नियमन या नियन्त्रण करने वाला।[2] योगोल्लिखित यम[3], नियम[4] आदि में भी नियन्त्रण का भाव निहित है। चूंकि वैदिक एवं अवेस्तीय दोनों साहित्य में यम शासकरूप में वर्णित है, अतः यम का नियन्त्रणधर्मित्व ज्ञाता होना सम्भव है। यम को देव में अनेकत्र राजा कहा गया है–

यमं राजानं हविषा दुवस्य (ऋ.10.135.1)

(राजा यम को हवि से पूजो)

यमाय मधुमत्तमं राज्ञे हव्यं जुहोतन (ऋ.10.135.15)

(राजा यम के लिए सर्वाधिक मधुर हव्य का हवन करो) आदि।

अवेस्ता में यिम के विशेषण के रूप में 'क्षयेत' शब्द प्रयुक्त है, जिसका अर्थ है शासक इसलिए यहाँ भी इसका शासकत्व असन्दिग्धतया ज्ञात होता है–

यो यिमो क्षएतो ह्वॉथ्वो (अवेस्ता, हओम 9.4)

(पशुसमूहयुक्त जो शासक यम)

इतना ही नहीं अवेस्ता में यह भी वर्णित है कि सर्वोच्च अहुर ने यम को एक सुव्रा एवं एक अश्त्रा (साँटी) प्रदान की थी, जो स्वर्णनिर्मित थे–

आअत् हे जय फ्रबरम् अज़म यो अहुरोमज़्दो सुव्रां ज़रनयेनीम्

अश्त्राम् च ज़रन्योपयेसीम् (अवेस्ता, वेन्दिदाद् - 2.6)

---

1. यम(ऽ)परमे, भ्वादि 184, यम परिवेषणे, चुरादि 1626 (धातुसंख्यानिर्देश सि.कौ. के अनुसार)।
2. यम्+अच् (पचादिलक्षण:)
3. अहिंसासत्यास्तेयब्रह्मचर्यापरिग्रहा यमा:, यो.सू. 2.30
4. शौचसन्तोषतप:स्वाध्यायेश्वरप्रणिधानि नियमा:, वही 2.32

वेद में यम को विवस्वान् का पुत्र कहा गया है–

वैवस्वतं सङ्गमनं जनानां यमं राजानं हविषा दुवस्य। (ऋ. 10.135.1)

विवस्वान् निश्चिततया सूर्य ही है। अवेस्तीय यिम भी विवस्वान् (विवङ्ह) का ही पुत्र है–**यिमो विवङ्हुतो पुथ्रो** (अवेस्ता, हओम यश्त्, 9.5)। अवेस्ता में विवस्वान् (विवङ्ह को प्रथम सोमसावी कहा गया है–

वीवङ्हो माम् पओइये मश्यो

अस्त्वइथ्याइ हुनूत गयेथ्याइ (अवेस्ता, हओम यश्त-9.4)

विवस्वान् प्रथम मानव था, जिसने शरीरि-जगत् के लिए मेरा सवन किया। महाभारतीय कथा के प्रमुख पात्र श्री कृष्ण सोमवंशी हैं, सनातन षोडशवर्षीय हैं। अतः श्रीकृष्ण का गीता में यह कथन मैंने इस योग को सर्वप्रथम विवस्वान् को दिया था–इमं विवस्वते योग प्रोक्तवाहमव्ययम् (गीता 4.1) प्रकारान्तर से विवस्वान् के ओर निर्देश है।

वेद में विवस्वान् के पुत्र के रूप में मनु का भी उल्लेख हुआ है। यद्यपि यह उल्लेख ऋग्वेद में निःसन्दिग्धतया ज्ञात नहीं होता, परन्तु परवर्ती वैदिक साहित्य में मनु को वैवस्वत कहा गया है–

अध्वर्युर्मनुर्वैवस्वतो राजेत्याह (शतपथ ब्राह्मण - 13.4.3.3)

परवर्ती संस्कृत-साहित्य में मनु के विशेषण के रूप में वैवस्वत शब्द का प्रयोग अनेक स्थलों पर दिखाई पड़ता है। महाकवि कालिदास ने भी मनु को विवस्वान् का पुत्र कहा है–

वैवस्वतो मनुर्नाम माननीयो मनीषिणाम्।
आसीन्महीक्षितामाद्यः प्रणवश्छन्दसामिव॥ (रघुवंश - 1.11)

वैदिक साहित्य में मनु एवं यम की वैयक्तिकता भिन्न-भिन्न लगती है। क्योंकि मनु को मानवों का शास्ता[1] एवं यम को पितरों का शासक[2] कहा गया है; किन्तु अवेस्तीय साहित्य में मनु का चरित्र यिम (यम) के चरित्र में घुल-मिल गया है। शतपथ ब्राह्मण[3] में जल-प्लावन सम्बन्धी एक रोचक आख्यान है, जिसके अनुसार मनु के समय भीषण जलौघ में सब कुछ नष्ट हो गया। मनु को उसके द्वारा पालित मत्स्य द्वारा इस जलौघ की पूर्व सूचना मिल गयी थी। उसी मत्स्य द्वारा बताये गये उपायों से मनु उस जल-प्रलय से सुरक्षित वच गया। यह मत्स्य पौराणिक कल्पनाओं के अनुसार भगवान् श्रीविष्णु के दशावतारों में प्रथम था।[4]

1. अध्वर्युर्मनुर्वैवस्वतो राजेत्याह। तस्य मनुष्या विशः, शतपथ ब्राह्मण - 13.4.3.3
2. अध्वर्युर्यमो वैवस्वतो राजेत्याह तस्य पितरो विशः, वहीं-13.4.3.6
3. शतपथ ब्राह्मण-1.8.1
4. रूपं स जगृहे मात्स्यं चाक्षुषोदधिसम्प्लवे।
   नाव्यारोप्य महीमय्यामपाद्वैवस्वतं मनुम्॥ श्रीमद्भागवत-1.3.15

अवेस्तीय साहित्य में यह जलौघ (उपल-प्रपात) की घटना यम के काल में घटित हुई वर्णित है। यम को सर्वोच्च यजत अहुरमज्दा ने इसकी पूर्व सूचना दी थी।

आअत् अओख्त अहुरो मज़्दो यिमाइ

यिम स्तीर विवङ्ह्व अवि अहूम् अस्त्वन्तं जिमो जड्हन्तु

(अवेस्ता वेन्दिदाद्-2.22)

शतपथं ब्राह्मण के अनुसार मनु ने यज्ञ से सृष्टि की। अवेस्ता के अनुसार यम ने वॅर का निर्माण कर सृष्टि के बीज को सुरक्षित किया।

ऋग्वेद के अन्तिम मण्डल में संवाद-शैली में उपन्यस्त यम-यमी का रोचक आख्यान समाम्नात है। यमी अपने भाई यम के प्रणय-याच्ञा करती है। यम ने पाप समझकर स्वभगिनी के प्रणय-निवेदन को अस्वीकार कर दिया।[1] यम ने इसके पूर्व यह भी कहा कि ऐसा समय आयेगा जब भाई बहनों से विवाह करेंगे-

आ घा ता गच्छानुत्तरा युगानि यत्र जामयः कृणवन्नजामि।

उप बर्बृहि वृषभाय बाहुमन्यमिच्छस्व सुभगे पतिं मत्।।

(ऋ.10.10.10)

वाजसनेयी संहिता में यम और यमी को साथ-साथ रहते हुए संकेतित किया गया है।

यमेन त्वं यम्या संविदानोत्तमे नाके अधिरोहयैनम्। वा.सं.12.63

यद्यपि अवेस्ता में यह युग्म की चर्चा तो नहीं है। किन्तु परवर्ती ईरानी साहित्य में यिम एवं उसकी बहन यिमेह[2] का युग्म वर्णित है, जिससे यह अनुपम नरसृष्टि हुई। परवर्ती भारतीय साहित्य में मनु एवं शतरूपा से नरसृष्टि का वर्णन है।[3] शतरूपा श.ब्रा. की इडा की पौराणिक अभिव्यक्ति है। शतपथ की इडा मनु की भगिनी नहीं अपितु पुत्रीस्थानीया है।[4]

अथर्ववेद के अनुसार यह मर्त्यों में सर्वप्रथम है।

यो ममार प्रथमो मर्त्यानां यः प्रेयाय प्रथमं लोकमेतम्।

अथर्ववेद-18.3.13

---

1. ऋग्वेद 10.10.12
2. बुन्देहिश्न - 23.1.31.4
3. स्वायम्भू मनु अरु असरूपा। जिन्ह ते भै नरसृष्टि अनूपा।।रामचरितमानस-1.142, चौ.1।
4. तां ह मनुरुवाच कासीति। तव दुहितेति कथं भगवति मन दुहितेति........स यो हैवं विद्वानिडया चरत्येतां हैव प्रजातिं प्रजायते यां मनुः प्राजायत..............। श.ब्रा. 1.8.1.9,11

अथर्व के उपर्युक्त कथन का स्वारस्य अवेस्ता से स्पष्ट होता है। यम को ख्वॅरनह (वेद-स्वरण) प्राप्त हुआ। ख्वॅरनह् की प्राप्ति के कारण वह प्रजाधिप हुआ। यम ने यावत्कालपर्यन्त शासन किया तावदवधि उसको शासन में न शीत थी न गर्मी, न वार्धक्य था न ही मृत्यु। दुष्टात्माओं द्वारा स्थापित हिंसा भी नहीं थी। पिता एवं पुत्र दोनों पञ्चदशवर्षीय युवा के रूप में विचरण करते थे-

यिमहे क्षथ्रे अउर्वहे
नो इत् अओतम ओङ्ह नो इत् मॅरथ्युश्
नो इत् अरस्को दअेवो-दातो
पँच-दस फ्रचरोइथे
पित पुथ्रस्च रओधअेष्व कतरस्चित्
यवत् क्षयोइत् हॉथ्वो
यिमो विवङ्हुतो पुथ्रो। (अवेस्ता, हओम-9.15)

अहुर के प्रति परमपापरूपिणी अश्रद्धा ने यम के हृदय में प्रवेश किया। यम ने अनवधानता के कारण असद्भाषण कर दिया। ख्वॅरनह् 'वारघ्न' पक्षिरूपधारी होकर अपक्रान्त हो गया।[1] अजीदहाक से पराभूत होकर यम मार डाला गया। ख्वॅरनह् की अपसृति के कारण अमरणधर्मा यम मृत्यु को प्राप्त हुआ। चूंकि उसके राज्य में मृत्यु का प्रभाव नहीं था, इसलिए उसकी प्रजा विकराल काल के गाल में जाने से सुरक्षित थी। यम की मृत्यु के बाद मरण की परम्परा चल पड़ी। यही कारण है कि अथर्ववेद में यम को मर्त्यों में सबसे पहले मरने वाला कहा गया है। भारतीय लोकपरम्परा में आज भी प्रमादवश स्वर्ण का खो जाना अशुभ समझा जाता है। मनुष्यों एवं

---

1. (क) आअत् यत् हीम् अअेम् द्रओघॅम् वाचिम् अङ्हइथीम
चिन्माने पइति बरत
वअेनॅम्नॅम् अह्मत् हच ख्वॅरनो
मॅरॅघहे कॅह्र्प फ्रषुसत्
अवअेनो ख्वरनो फ्रएश्तो
यो यिमो क्षअेतो हॅवाथ्वो
ब्रासत यिमो अषातो
दॅउश् - मनह्याइच स्तॅरतो
निदारत् उपइरि जॉम्।। अवेस्ता, जम्यात् यश्त्-34
(ख) षुसत् ख्वॅरनो यिमत् हच-विवङ्हुषात्
मॅरघहे कह्र्प वॉरघ्नहे जम्यात्-35

पशु-पक्षियों के सुखमय निवासार्थ समय ने पृथ्वी का तीन बार उत्तर से दक्षिण विस्तार किया।[1] ऋग्वेद में भी पृथ्वी का त्रिधा विस्तार कथित है–

ऋतेन पुत्रो अदितेर्ऋतावोत त्रिधातु प्रथयद्वि भूम।

ऋ. 4.42.4

उत्तर वैदिक एवं पौराणिक काल में यम पूर्णतया मृत्यु का देवता बन गया। अब वह लोकक्षयकृत् के रूप में सामने आता है।

यमाय स्वाहान्तकाय स्वाहा मृत्यवे स्वाहा (वा.सं. 39.13)

तथा

ततः सत्यवतः कायात् पाशबद्धं वशङ्गतम्।
अङ्गुष्ठमात्रं पुरुषं निश्चकर्ष बलाद्यमः।। (महाभारत-वन, 297.17)

ऋग्वेद में उसके दो श्वानों का वर्णन आता है, जिन्हें सारमेय, रक्षा करने वाले, चतुरक्ष, मार्गों के रक्षक, मनुष्यद्रष्टा, प्राणों में तृप्त होने वाले, ऊँची नासिका वाले, बलशाली, यमदूत आदि विशेषणों से कहा गया है।

अवेस्ता में श्वार चिन्वॅत परंतु के रखवाले बताये गये हैं, जहाँ प्रत्येक मृत प्राणी की फ्रवषि (सूक्ष्म-शरीर) अन्तिम निर्णयार्थ पहुँचती है (यहाँ अन्तक-शुनकों का 'पथिरक्षी' विशेषण गतार्थ है।) आज भी पारसीकों के मरणान्तर कृत्य में 'सग्दिद्' (शुनकदृष्टि) प्रमुख है, इसमें श्वान से मृत के शरीर को सुंघाया जाता है। सग्दिद के व्युत्पत्तिलभ्य अर्थ एवं घ्राणकृत्य में ऋग्वैदिक यम के सारमेयों के विशेषण 'चतुरक्षी' एवं 'उरूणसौ' कर्मकाण्डीय अभिव्यक्ति पाते हैं। यम का मृतात्माओं से सम्बन्ध होने को कारण ही श्वानद्वय उससे सम्बद्ध) हैं और जब यम पौराणिक धरातल में भैरव रूप में अभिव्यक्ति पाते हैं (यद्यपि उनका पूर्व रूप भी दृष्टि से ओझल नहीं हुआ), तो कुत्ते ही उनके वाहन होते हैं। अवेस्ता में सदसद् का जो निर्णय चिन्वत् परंतु पर होता है, तै.आ. के अनुसार वह कार्य मय के समक्ष होता है–

वैवस्वते विविच्यन्ते यमे राजनि ते जनाः।
ये चेह सत्येनेच्छन्ते य उ चानृतवादिनः।। (तैत्तिरीय आरण्यक 6.5.3)

यम ने पृथ्वी का त्रिवार प्रथन किया। यह प्रथन दक्षिणदिगुन्मुख था। अलीकवचनोपन्यास के कारण सम्भवतया इसी दिक् में उसकी हत्या हुई। एतत्कारणवशात् शतपथ ब्राह्मण में दक्षिण को पितरों का दिक् कहा गया है। (शतपथ ब्रा. 1.2.5.17) आज भी हिन्दुओं में मृत व्यक्ति के पैर दक्षिण की ओर इसलिए रखते हैं कि यह पितृलोक गमन का प्रतीक है।

1. (क) द्रष्टव्य–प्रो. हरि शङ्कर त्रिपाठी–समुद्रमन्थन 'अइर्यनाम् वएवह' का त्रिधा विस्तार वं उपल-प्रपात।
(ख) अवेस्ता वेन्दिदाद्-2

वर्णनों से ऐसा प्रतीत होता है कि यह वस्तुत: ऐतिहासिक राजा था किन्तु कालान्तर में कई देवशास्त्रीय सन्दर्भ उसके चरित्र में आ गये और उसे दिव्यता का जामा पहना दिया गया। किन्तु यम की दिव्यता के चाकचिक्य में भी उसका मानवीय रूप लुप्त नहीं हुआ। कठोपनिषद्–'अनित्यैर्द्रव्यैः प्राप्तवानस्मि नित्यम्' (कठोपनिषद् 1.2.10) की दार्शनिक व्याख्या से हटकर यदि इसकी ऐतिहासिक मीमांसा की जाय, तो यम की अनित्यता उसका मनुष्यत्व है और नित्यत्व उसकी दिव्यता है। ब्रह्मवादी इस व्याख्या को भले अस्वीकार करें किन्तु वैदिक एवं अवेस्तीय साहित्य के ऐतिहासिक आलोडन से यह तथ्य सङ्गतार्थ एवं युक्तियुक्त है।

यम का प्राकृतिक सम्बन्ध ऋग्वैदिक प्रसङ्गानुसार चाहे जो भी हो किन्तु भारत-ईरानी काल के आलोक में किसी प्राकृतिक दृश्य से इसका सम्बन्ध स्थापित करना अनुचित होगा। अवेस्तीय विशेषण–'हॉथ्वो' अर्थात् 'प्रभूत पशुवाला' से उसकी पशुसम्पन्नता सिद्ध होती है। पशुओं को बहोरने एवं उनकी रक्षा के लिए श्वयुक्तता आर्यों की आवश्यकता थी। ऋग्वेद का सरमा-पणि संवाद भी पशुओं से ही सम्बद्ध है।

यम पर जब दिव्यता का आरोपण हुआ, तो तत्सम्बद्ध उपकरणों का भी दिव्यीकरण हुआ। इस क्रम में उसके श्वानों पर भी दिव्यता आरोपित हुई। यह यम परवर्ती ईरानी साहित्य में 'जमशेद' के रूप में उल्लिखित है। अवेस्ता में इसकी दो भगिनियों अॅरॅनवाक् एवं संघवाक् का उल्लेख है, जिन्हें बावेरू के अत्याचारी शासक अजीदहाक ने बन्दी बना लिया था। अत: यम का जुड़वापन अवेस्ता में प्रतिपादित नहीं है। वैदिक एवं परवर्ती ईरानी साहित्य में इसकी एक अनुजा के साथ इसका युग्म बनता है, अत: 'यम'[1] का युग्म अर्थ परकालीन है। इसी युग्म के सदृश्य पर संस्कृत में 'यमौ'[2] (जुडवा) यमक[3] (काव्य में प्रयुक्त अलङ्कार विशेष, यथा–'प्रजा: स्वा इव तन्त्रयित्वा', अभि.शा. 5.5) एवं यमल[4] आदि शब्द बने। 'यमौ' शब्द प्रथमतया 'यमो च यमश्च'[5] इस अर्थ

---

1. (क) अतिद्रव सारमेयौ, ऋ.10.135.10
   (ख) यौ ते श्वानौ यम रक्षितारौ चतुरक्षौ पथिरक्षी नृचक्षसौ। (वही 10.135.11)
   (ग) उरूणसावसुतृपा उदुम्बलौ यमस्य दूतौ चरतौ जनाँ अनु। (वही 10,135, 12)
2. सुतौ लक्ष्मणशत्रुघ्नौ सुमित्रा सुषुवे यमौ।
   सम्यगाराधिता विद्या प्रबोधविनयाविव।। रघु. 10.71
3. सत्यर्थे पृथगर्थानां स्वरव्यञ्जनसंहतेः।
   क्रमेण तेनैवावृत्तिर्यमकं विनिगद्यते।। साहित्यदर्पण 10.8
4. ऋषेर्भागवतमुख्यस्य सत्यं कर्तुं वचो हरिः।
   जगाम शनकैस्तत्र यत्रास्यां यमलार्जुनौ।। भागवत 10.10.24
5. (क) भ्रातृपुत्रौ स्वसृदुहितृभ्याम्, पा. 1.2.68
   (ख) पुमान् स्त्रिया, वही, 1.2.68

में प्रयुक्त था। कालान्तर में अर्थ परिवर्तन होकर यह युग्मसामान्य का वाचक हो गया। इसी आलोक में प्रातिशाख्यादि में प्रयुक्त भाषाशास्त्रीय पारिभाषिक शब्द 'यम' की भी सङ्गति बैठ जाती है।[1] यह भी ध्यातव्य है कि युग्म का वाचक 'यम' शब्द अवेसता में भी प्रयुक्त है।[2]

उपर्युक्त विवेचन से यह निष्कर्ष है कि वैदिक और अवेस्तीय वाङ्मय में वर्णित 'यम' में अधिकांश रूपसाम्य एवं चरित्रसाम्य है। साथ ही साथ यह भी स्पष्ट होता है कि जैसे देवशास्त्रीय तत्त्व भाषाशास्त्रीय तत्त्वों से एकीकृत होकर भाषिक अर्थों की दशा एवं दिशा को प्रभावित करते हैं।

---

1. यदि निरनुनासिक स्पर्श के बाद अनुनासिक स्पर्श हो, तो निरनुनासिक स्पर्श अपने यमों को प्राप्त होते हैं, अर्थात् दोनों के बीच यम का आगम होता है (ऋ.प्रा. 6.29), जो अपनी प्रकृति के ही सदृश होता है (यमः प्रकृत्यैव सदृक्, ऋ.प्रा. 6.32)। उदाहरणार्थ 'परिज्मानम्' यहाँ 'ज्' निरनुनासिक स्पर्श है। उसके अनन्तर स्थित 'म्' अनुनासिक स्पर्श है। दोनों के बीच एक अतिरिक्त 'ज्' आ जाता है। इस प्रकार जकार का युग्म (दो जकार) बनता है। इसी को पारिभाषिक शब्दावली में 'यम' कहते हैं। अन्तर इतना है कि जिस जकार का आगम होता है, उसमें अनुनासिक होता है–यमानुस्वारनासिकानां नासिके, वा.प्रा. 1.74
2. या यमा ख्वाफ़ॅना अस्रवॉतम् अवेस्ता, हा 30.3
यमा (यमौ), द्रष्टव्य–सुपां सुलुक्पूर्वसवर्णाच्छेयाडाड्यायाजालः, पा. 7.1.39
तुल, द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया, ऋ. 1.164.20

वैदिक आचार-व्यवस्था की प्रासङ्गिकता

डॉ. कमलेश रानी

वेद भारतीय सभ्यता और संस्कृति के प्रामाणिक ग्रन्थ हैं । इसी हेतु वैदिक वर्णाश्रम व्यवस्था के विवेचन के सन्दर्भ में आचार-विचार के महत्व का प्रतिपादन भी वैदिक ग्रन्थों में हुआ है । हिन्दू धर्म के आचार-विचार, रहन-सहन तथा धर्म-कर्म को भली-भाँति समझने के लिए वेदों का ज्ञान तथा उनकी परम्परा पर लिखित ग्रन्थों का अनुशीलन परमावाश्यक है । वेदों का मूल उद्देश्य आचार-संहिता का ही प्रतिपादन करना है । व्युत्पत्ति की दृष्टि से आचार शब्द आङ् उपसर्गपूर्वक चर् धातु से घञ् प्रत्यय लगने पर निष्पन्न हुआ है, जिसका अर्थ है-आचरण, व्यवहार, चाल-चलन, लोकाचार, कार्य करने की रीति आदि।[1] इस प्रकार उचित रूप से किया गया व्यवहार या आचरण 'आचार' अथवा सदाचार कहलाता है और अनुचित रूप से किया गया व्यवहार या आचरण, 'अनाचार' कहलाता है ।

संसार में समस्त मनुष्यों के भीतर भगवान ने सोचने और समझने की क्षमता प्रदान की है । प्रत्येक गुण सम्पन्न व्यक्ति गुणी अथवा आचारवान कहा जाता है तथा दुर्गुण सम्पन्न दुराचारी कहा गया है । काम, क्रोध, लोभ, मोह, दम्भ, घमण्ड, राग, द्वेष, अभिमान, अहंकार, क्रूरता, निर्दयता, अज्ञान, संशय, भ्रम, निद्रा, आलस्य, विक्षेप, चिन्ता, शोक, भय, वैर, कुटिलता, नीचता, नास्तिकता, अश्रद्धा, दुर्गुण, छल, कपट, छिद्र, असत्य, चोरी, डकैती, व्यभिचार, अनाचार, अत्याचार, मांस-भक्षण, मदिरापान, मादक-पदार्थों का सेवन, जुआ खेलना, हिंसा, प्रमाद, उद्दण्डता, आदि अनाचार की कोटि में आते है। अतः प्रत्येक व्यक्ति को सदैव इनका त्याग करना चाहिए। भगवान कृष्ण ने गीता में इस प्रकार का आचरण करने वाले लोगों को आसुरी सम्पदा सम्पन्न व्यक्ति कहा है। अतः उपर्युक्त आसुरी सम्पदाएँ त्याज्य हैं। इसके विपरीत क्षमा, दया, शान्ति, सन्तोष, शम, दम, धैर्य, भक्ति, ज्ञान, वैराग्य, तेज, विनम्रता, सरलता, धीरता, वीरता, गम्भीरता, निर्भयता, हृदय की पवित्रता, आस्तिकता, श्रद्धा आदि यज्ञ, तप, दान, तीर्थव्रत, उपवास, सेवा, पूजा, आदर, सत्कार, सत्यवचन, ब्रह्मचर्य-पालन, स्वाध्याय, परोपकार, माता-पिता, गुरुजनों, तथा अनाथों, आतुरों, की सेवा आदि सदाचार हैं। ये समस्त गुण सदाचारी पुरुषों के भीतर विद्यमान होते हैं। भगवान कृष्ण ने इस प्रकार के व्यक्तियों को दैवी सम्पदा वाला व्यक्ति कहा है। अतः निश्चित

---

1. संस्कृत हिन्दी कोश- वी. एस. आप्टे, पृ.-141

रूप से इस संसार में दैवी सम्पदा वाले किन्तु आचारहीन व्यक्ति निन्दनीय होते हैं। लोक आचारहीन पुरुषों की निन्दा मृत्यु के पश्चात् तक करता है।

व्यक्ति को अपने उत्कृष्ट जीवन निर्माण हेतु सदाचार और सच्चरित्रता का मार्ग अपनाना चाहिए। इनके बिना सभ्य समाज, व्यक्तिगत सुख तथा शान्ति की कल्पना भी नहीं की जा सकती। विभिन्न स्मृतिकारों ने आचार के महत्व को स्मृतियों में प्रतिपादित किया है। स्मृतियों के कथन हैं-'आचारहीनं न पुनन्ति वेदा:' (अर्थात्-आचार हीन व्यक्ति को वेद पवित्र नहीं करते), 'आचार: परमो धर्म:' (अर्थात्-आचार ही परम धर्म है।), 'आचाराद्विच्युतो विप्रो न वेदफलमश्नुते' (अर्थात्-आचार से हीन ब्राह्मण को वेद का फल नहीं प्राप्त होता है।), 'आचारालल्भते ह्यायु:' (अर्थात्-आचार से व्यक्ति दीर्घायु प्राप्त करता है।)। इस प्रकार स्मृतियों में आचार के महत्व का वर्णन किया गया है।

प्राचीन भारतीय परम्परा के अनुसार वेदों को अपौरुषेय, अनादि और शाश्वत माना गया है तथा कर्मकाण्ड, ज्ञानकाण्ड और उपासनाकाण्ड के आधार पर वेदों को तीन भागों में बाँटा गया है। इन तीन काण्डों के अन्तर्गत ही प्राय: जीवन का सम्पूर्ण आचरण समाविष्ट हो जाता है। नीति पर चलना ही आचार है अत: आचार के सिद्धान्तों के अन्तर्गत नीति समाविष्ट हो जाती है। ऋग्वेद में ज्ञान, विज्ञान, कला, संस्कृति आदि की भाँति नीति अथवा आचार का प्रथम उन्मेष प्राप्त होता है। इसके पश्चात् सर्वांगीण रूप में सम्पूर्ण वैदिक वाङ्मय में आचार व्यवस्था का स्वरूप प्राप्त होता है।

वैदिक मंत्रों का अध्ययन यदि आचार को ध्यान में रखकर किया जांये तो हमें यह ज्ञात होता है कि देवताओं की स्तुतियों, प्रार्थनाओं तथा धार्मिक कृत्य आचारों एवं कर्तव्यों के निमित्त ही प्रयुज्यमान प्रतीत होते हैं, यद्यपि विभिन्न स्थलों पर स्पष्ट और स्वतन्त्र रूप से भी आचारों के निर्देश प्राप्त होते हैं।

भारतीय ऋषि-मुनियों ने अपने चिन्तन-मनन के आधार पर वेदों में जिसे स्वीकृति प्रदान की वे ही नियम स्वीकृत कर लिये गये। यम-नियम को ऋषियों ने आचार का प्राण समझा तथा उसके प्रति स्वयं सजग रहते हुए लोक को भी सजग रहने का निर्देश दिया। वैदिककालीन आचार-पद्धति में 'ऋत' अथवा सत् को सर्वोच्च प्रतिष्ठा प्राप्त है। ऋग्वेद में सत्य की शक्ति का प्रतिपादन करते हुए कहा गया है-'सत्येनोत्तम्भिता भूमि:'[1] अर्थात् यह पृथ्वी सत्य पर अवस्थित है। इसी प्रकार कहा गया है-सत्य बोलने वाला शुभ कर्म करके संसार सागर से पार हो जाता है।[2] ऋग्वेद में सत्यरूप परम तत्त्व का मुख सुवर्ण के पात्र से आच्छादित बतलाया गया है।[3] ऋग्वेद के एक अन्य प्रकरण में सत्य की उत्पत्ति को विवेचित करते हुए कहा गया है-''ऋतं च

1. ऋग्वेद-2/85/1
2. वही-9/73/1
3. वही-9/73/1

सत्यञ्चाभीद्धात्तपसोऽध्यजायत''[1] अर्थात्- तेजोमय तप से शाश्वत नियम और सत्य की उत्पत्ति हुई है।

सत्य की प्रतिष्ठा एवं स्थापना करता हुआ वैदिक ऋषि प्रार्थना करता है-"ऋतस्य नः पन्था नयति विश्वाग्नि दुरिता।''[2] अर्थात्- हे इष्टदेव हमारे दुर्गुणों को नष्ट करते हुए हमें सत्य के मार्ग पर ले चलो। ऋग्वेद में ही एक अन्य सन्दर्भ में वरुण को असत्य का विनाशक कहा गया है। यथा- **पापासः सन्तो अनृता असत्या इदं पदमजनता गभीरम्।**''[3] अर्थात् हे मित्र वरुण! तुम बल से सत्यशील के द्वारा असत्यशीलों पर शासनरत हो। मित्र वरुण असत्य का विनाश करते हैं। ऋग्वेद में एक अन्य स्थल पर सत्य का आच्छादन करने वाली वृत्तियों का देवराज इन्द्र द्वारा विनष्ट करने का भी वर्णन किया गया है।

आज के इस आधुनिक युग में भी व्यक्ति सत्य का आचरण कर सुख-शान्ति को प्राप्त कर सकता है क्योंकि ऋग्वेदीय मंत्र में ऋत् (सत्य) की महिमा बताते हुए कहा गया है कि ऋत् अनेक प्रकार की सुख-शान्ति का स्रोत है। ऋत् की धारणा पापों और दुखों को नष्ट करती है।[4] अनाचार के बढ जाने पर पृथ्वी काँप उठती है, प्राणी त्राहि-त्राहि करने लगते हैं। तैत्तिरीय संहिता में वर्णित है कि पृथ्वी, अन्तरिक्ष, द्युलोक, दिशाओं और स्वर्गलोक में सर्वत्र ऋत् की विजय होती है।[5]

मुण्डकोपनिषद् में भी कहा गया है-'सत्यमेव जयते नानृतम्।' अर्थात् सत्य ही विजयी होता है अनृत (असत्य) नहीं। इस प्रकार वैदिक ग्रन्थों में सत्य का प्रतिपादन विस्तार के साथ किया गया है। सत्याचरण से व्यक्ति महान बनता है। केवल सत्य को अपने जीवन में अवतरित करने मात्र से ही व्यक्ति मुक्त और स्वतन्त्र हो जाता है। अतः सत्याचरण सुखमय जीवन हेतु परमावश्यक है। सत्य के बिना कलह उत्पन्न हो जाता है।

सर्वत्र अपने से ज्येष्ठ, प्रेष्ठ एवं श्रेष्ठ का आदर-सत्कार ही सदाचार एवं सच्चरित्रता का मूल कारण है। प्राचीन ग्रन्थों का अनुसन्धान करने पर ज्ञात होता है कि माता-पिता आदि गुरुजनों की आज्ञा का पालन, वन्दन और सेवा करना हमारी संस्कृति के प्रधान अंग हैं। सदाचार एवं सच्चरित्रता का प्रसंग श्रुति, स्मृति, गीता, रामायण, महाभारत, इतिहास, पुराण आदि ग्रन्थों में पद-पद पर दर्शनीय है। समस्त ग्रन्थ सदाचार के वर्णन से परिपूर्ण हैं। तैत्तिरीय संहिता में माता-पिता तथा गुरुओं को देवतुल्य मानते हुए कहा गया है-

---

1. वही-10/190/1
2. वही-10/137/6
3. वही-4/5/5
4. वही-10/27/1
5. वही-4/12/8

मातृ देवो भव, पितृ देवो भव।
आचार्य देवो भव। अतिथि देवो भव।।[1]

अर्थात्-माता को देवता मानना चाहिए। पिता को देवता मानना चाहिए। आचार्य को देवता मानना चाहिए। अतिथि को देवता मानना चाहिए।

अथर्ववेद के तृतीय काण्ड के तीसवें सूक्त में आदर-सत्कार का वर्णन किया गया है-

अनुव्रतः पितुः पुत्रो माता भवतु संमनाः।
जाया पत्ये मधुमतीं वाचं वदतु शान्तिवाम्।।[2]

अर्थात् पुत्र पिता के व्रत का पालन करने वाला हो तथा माता का आज्ञाकारी हो। इसी प्रकार इसी सूक्त के अग्रिम मन्त्र में सदाचार के महत्व का उपदेश करते हुए ऋषि ने भाई-भाई के प्रति द्वेष न करें आदि का वर्णन इस प्रकार किया गया है-

मा भ्राता भ्रातरं द्विक्षन्मा स्वसारमुत स्वसा।
सम्यंचः सव्रता भूत्वा वाचं वदत भद्रया।।[3]

अर्थात् भाई-भाई से आपस में द्वेष न करें। बहन-बहन के साथ ईष्या न करें। आप सब एक मत और समान व्रतवाले बनकर भद्र वाणी का प्रयोग करें। इस प्रकार वैदिककालीन सामाजिक व्यवस्था बडों के प्रति आदर-सत्कार का ज्ञान कराती है।

वर्तमान में इस वैदिक आचार-व्यवस्था का अध्ययन-अध्यापन न किये जाने के कारण ही सर्वत्र अशान्ति एवं अमंगल का वातावरण व्याप्त है। सम्बन्ध के ज्ञान से अनभिज्ञ लोग परस्पर शत्रु की तरह लड़ रहे हैं। लोभ, लालच, व्यभिचार, बलात्कार आदि निन्दनीय घटनाएँ अनाचार के कारण ही हो रही हैं। यदि व्यक्ति-सदाचार से सम्पन्न हो, तो इन घटनाओं को रोका जा सकता है।

आदर-सत्कार के ज्ञान से अनभिज्ञ व्यक्ति स्वयं के माता-पिता की हत्या करने से भी नहीं हिचकिचाता। गुरुओं की अवमानना करना शिष्यों का परम कर्तव्य सा बनता जा रहा है। अतिथि देवो भव के स्थान पर अतिथि आज के समाज पर बोझ मात्र रह गया है। इस प्रकार की आधुनिक जीवन-शैली से सम्पन्न व्यक्तियों के नैतिक जीवन मूल्यों का ह्रास होता जा रहा है तथा व्यक्ति कुत्सित मानसिकता का शिकार बनता जा रहा है, जो आज के मानव जीवन के लिए अत्यन्त घातक है।

वैदिक संहिताओं में समष्टि तथा सर्वोदय की भावना पर अधिक बल दिया गया है। समष्टि तथा सर्वोदय की भावना से प्रेरित होकर ही अधिकतम मंत्रों में एकवचन का प्रयोग न

1. तैत्तिरीय सं-1/11/2
2. अथर्ववेद-3/30/1
3. वही-3/30/2

करके बहुवचन का प्रयोग किया गया है। अर्थात् सबका मंगल हो सबका अभ्युदय एवं कल्याण हो। यजुर्वेद के 36वें अध्याय में लोक कल्याण की भावना से कहा गया है- पश्येम शरदः शतञ्जीवेम शरदः शतम्। श्रृणुयाम शरदः शतम्। प्रब्रवाम शरदः शतमदीनाः स्याम शरदः शतम्। भूयश्च शरदः शतात्।।[1] अर्थात्- हम सौ वर्ष तक देखें सौ वर्ष तक सुनें, सौ वर्ष तक स्वस्थ रहें। इसी प्रकार गायत्री मंत्र में ''धियो यो नः प्रचोदयात्।'' बहुवचनान्त पद कहकर ऋषि ने सबके कल्याण की प्रार्थना की है। इस प्रकार वैदिक मंत्रों में सदाचरण के द्वारा सबके कल्याण की भावना सर्वत्र प्रतिष्ठित है।

वैदिक मंत्रों की मुख्य विशिष्टता यह रही है कि व्यक्ति अपने सुख-दुख को त्यागकर, कल्याण की भावना से ओत-प्रोत सर्वत्र दिखाई पड़ता है। वैदिक ऋषि भगवान से प्रार्थना करता है कि वह मानवमात्र के लिए ही नहीं, जिन्हें वह देख सकता है अपितु उनके लिये भी, जो उसकी दृष्टि से ओझल हैं और जिन्हें वह नहीं देखता- यांश्च पश्यामि यांश्च न। तेषु मा सुमतिं कृधि।।[2]

ऋग्वेद में आशा को परम ज्योति और निराशा को सघन अन्धकार बतलाया गया है-''आशा हि परमं ज्योतिः नैराश्यं परमं तमः।'' उषा से भी प्रार्थना की गई है कि वे हमें गाय, वीर पुत्र-रत्न तथा घोड़ों से युक्त सबके द्वारा भोगे जाने योग्य धन को प्रदान करें। इसी प्रकार ''सं गच्छध्वं सं वदध्वं सं वो मनांसि जानताम्''। तुम सब साथ-साथ मिलकर चलो, साथ-साथ बोलों और तुम्हारे मन एक ही प्रकार से सोचें। इस प्रकार सर्वत्र वैदिक ग्रन्थों में कल्याणमयी आचार व्यवस्था का वर्णन है।

यजुर्वेद के अधोलिखित मन्त्र में भी कल्याण की भावना से प्रेरित होकर ऋषि का कथन है-''ॐ विश्वानि देव सवितुर्दुरितानि परासुव यद् भद्रं तन्न आसुव।''[3] अर्थात् हे देव सवितृ! हमारे लिए जो वास्तविक कल्याण है, उसे हम सबको प्राप्त कराइये। इस प्रकार प्रस्तुत मन्त्र में विश्व के कल्याण की भावना परिलक्षित होती है, जिसका भावार्थ यह है-

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चित् दुःखभाग् भवेत्।।

अर्थात् इस विश्व में सब प्राणी सुखी हों, सब लोग रोग से रहित हों, सब प्राणी कल्याण की प्राप्ति करें। कोई प्राणी दुख्ख का भाजन न हों। इस प्रकार की विश्व कल्याण की भावना वैदिक मन्त्रों में सर्वत्र दर्शनीय हैं।

वैदिक संहिताओं में अनेक स्थलों पर आचार के महत्व का प्रतिपादन किया गया है जिसके

---

1. यजुर्वेद-36/24
2. अथर्ववेद-17/1/7
3. यजुर्वेद-3/35

कुछ मुख्य उदाहरण इस प्रकार हैं- ईर्ष्या-द्वेष करने वाले मनुष्य को हिंसक पशु के मुख में डाल दो।[1] जो विद्वान् मित्र को छोड देता है उसकी वाणी में कोई फल नहीं है। वह सब कुछ व्यर्थ ही सुनता है, वह सत्कर्म को नहीं जान सकता।[2] हे ईश्वर तुम्हारे आश्रय में रहकर व्यक्ति भय का नाम तक नहीं जानता।[3] केवल अपना ही सुख और कल्याण चाहने वाला व्यक्ति सज्जन नहीं होता है।[4] अज्ञानी मनुष्य (नरक में) निमज्जित होता है, डूब जाता है।[5] दाताओं की मृत्यु नहीं होती हैं।[6] पुण्य से व्यक्ति स्वर्ग प्राप्त करता है और इसके विपरीत फल को पाप से प्राप्त करता है।[7] कर्म शून्य मनुष्य गड्ढे में जाता है।[8] अतिथि-सेवा से गृहस्थ पृथ्वी लोक तथा अन्त में स्वर्ग को प्राप्त करता है।[9] समिधाग्नि में आहुति, वेदाध्ययन, नमस्कारादिक परिचर्या करने वाला व्यक्ति अधिक यशस्वी होता हैं, उसे देवकृत और मनुष्य कृत पाप व्याप्त नहीं होते हैं।[10]

इस प्रकार वैदिककालीन समाज अपनी आचार-व्यवस्था के कारण सुव्यवस्थित एवं सुसंगठित था। तत्कालीन समाज में लोगों में परस्पर मैत्री, सौहार्द, सामञ्जस्य, आदर-सत्कार एवं विश्वबन्धुत्व की भावना बलवती थी। तत्कालीन समाज में भौतिक सुखों एवं ऐश्वर्य की अपेक्षा आध्यात्मिक उन्नति, चरित्र-निर्माण, ज्ञान एवं सन्तोष का प्राधान्य था, जिससे वह समाज अत्यन्त उन्नत एवं विकसित था। भौतिक जीवन में भी समस्त वर्गों में नित्य नैमित्तिक कर्म, पञ्चमहायज्ञ एवं यम-नियम के द्वारा जीवन चर्या अनुशासित थी। यम-नियम, आचार-व्यवहार के प्राण तत्त्व हैं। इनका पालन करने वाला दुराचारी नहीं हो सकता।

परन्तु वर्तमान समाज में परिस्थितियाँ इसके विपरीत है। समाज में अव्यवस्था, अशान्ति, एवं अराजकता सर्वत्र व्याप्त है। प्रत्येक मनुष्य भौतिक सुखोपभोग हेतु प्रयत्नशील है। यम-नियम उसकी दिनचर्या से बहुत दूर जा चुके है। अतः नैतिक मूल्यों का निरन्तर पतन होता जा रहा है। चरित्र-निर्माण हेतु जिन आचारों की अत्यन्त आवश्यकता है उस पर आज के समाज के लोगों ने विचार करना बन्द कर दिया है। नैतिक शिक्षा (शुद्धाचरण-व्यवहार) का आज के समाज में नितान्त अभाव दर्शनीय है, जिससे समाज में विभिन्न प्रकार की विसंगतियाँ उत्पन्न हो गई हैं। वेदों का

---

1. अथर्ववेद-2/19-23
2. ऋग्वेद-10/71/6
3. वही-10/35/14
4. वही-8/87/18
5. वही-9/64/21
6. वही-10/107/8
7. वही-11/8/33
8. वही-9/73/9
9. अथर्ववेद-9/6
10. ऋग्वेद-8/19/5,12,13,14

अध्ययन तो दूर रहा, आज के समाज में वेदों की संख्या के ज्ञान का अभाव सर्वत्र दृष्टव्य है। समाज के प्रत्येक वर्ग (चारों वर्गों के लोगों में) वैदिक शिक्षा नाम मात्र भी नहीं रह गया है। ऐसी स्थिति में समाज के नेता अथवा राष्ट्र के संचालक सामाजिक व्यवस्था और राष्ट्र के निर्माण की बात करें तो वह केवल हास्यास्पद ही होगा। यदि भारत में पुनः संस्कृत भाषा में निहित ज्ञान-विज्ञान तथा वैदिक नैतिक शिक्षा व्यवस्था का अनिवार्य रूप से पठन-पाठन प्रारम्भ कर दिया जाये तो यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि भारत पुनः एक सुव्यवस्थित, सुसंगठित एवं सुसंस्कृत राष्ट्र के रूप में प्रतिष्ठित हो सकता है।

प्राचीन भारत में विधवा जीवन : एक विश्लेषण

प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय

इह प्रायेण लोकोऽयं शुभमिच्छति नित्यशः।
सुखस्य च स्त्रियो मूलं नानाशीलाश्च ताः पुन॥ (ना.शा. 22/99)

कार्येषु मन्त्री करणेषु दासी रूपेषु लक्ष्मीः क्षमया धरित्री ।
स्नेहेषु माता शयनेषु वेश्या षट्कर्मनारी कुलधर्मपत्नी॥ (चाणक्यनीतिः)

धार्मिक कृत्यों में पति-पत्नी का साहचर्य

पति का प्रथम कर्त्तव्य तथा पत्नी का प्रथम अधिकार है क्रमशः धार्मिक कृत्यों में सम्मिलित होने देना तथा होना । यह बात अति प्राचीन काल से पायी जाती रही है । ऋग्वेद (1/72/5) में आया है--"अपनी पत्नियों के साथ उन्होंने पूजा के योग्य अग्नि की पूजा की ।" एक अन्य स्थान (ऋ. 5/3/2) पर आया है - "यदि तुम पति एवं पत्नी को एक मन के बना दो तो वे अच्छे मित्र की भांति तुम्हें घृत का लेप करेंगे ।"[1]

तैत्तिरीय ब्राह्मण (3/7/5) में आया है -- "सत्कर्मो द्वारा पति एवं पत्नी एक-दूसरे से युक्त हो जायें, हल में बैलों की भांति उन्हें यश में जुट जाना चाहिए, वे दोनों एक मन के हों और शत्रुओं का नाश करें, वे स्वर्ग में न घटने वाली (अजर) ज्योति प्राप्त करें ।"

यही बात कुछ अन्तरों के साथ काठक संहिता 5/4 में भी पायी जाती है और शबर ने जैमिनि (6/1/21) की व्याख्या में इसको आधार बनाया है । इस विवेचन से स्पष्ट होता है कि कर्तव्यों का प्रतिफल पति-पत्नी के साथ ही भोगते थे ।

न पिता नात्मजो नात्मा न माता न सखीजनः।
इह प्रेत्य च नारीणां पतिरेको गतिः सदा॥

नातन्त्री विद्यते वीणा नाचक्रो विद्यते रथः।
नापतिः सुखमेधेत या स्यादपि शतात्मजा॥ (रामायण अयोध्याकाण्डम् 39/29)

1. संजानाना उपसींदन्नभिज्ञु पत्नीवन्तो नमस्यं नमस्यन्। ऋ. 1/72/5, अञ्जन्ति मित्रं सुधितं न गोभिर्यद् दम्पती समनसा कृणोषि। ऋ. 5/3/2, स पत्नी पत्या सुकृतेन गच्छताम्। यज्ञस्य युक्तौ धुर्यावभूताम्। संजानाना विजहताभरातीः। दिवि ज्योतिरजरमारभेताम्। तै. ब्रा. 3/7/5

धार्मिक कृत्य सामान्यत: पति-पत्नी साथ ही करते हैं, इसी से राम को यज्ञ करते समय सीता की स्वर्णिम मूर्ति पास में रखनी पड़ी थी (रामायण (7/91/25) । पाणिनि (4/1/33) ने 'पत्नी' शब्द की व्युत्पत्ति करके बताया है कि उसी को पत्नी कहा जाता है जो यज्ञ तथा यज्ञ करने के फल की भागी होती है । इससे स्पष्ट विदित है कि जो स्त्रियाँ अपने पतियों के साथ यज्ञों में भाग नहीं लेती थी, उन्हें जाया या भार्या कहा जाता था (पत्नी नहीं)। महाभाष्य के अनुसार किसी शूद्र की स्त्री केवल सादृश्य भाव से ही उसकी पत्नी कही जाती है (क्योंकि शूद्र को यज्ञ करने का अधिकार नहीं, उसकी भार्या की तो बात ही क्या है) ।[1] स्त्रियों का यज्ञों से सन्निकट साहचर्य होने के कारण ही यदि वे पति के पूर्व मर जाती थीं तो उनका शरीर पवित्र अग्नि से यज्ञ के सारे उपकरणों एवं बरतनों (पात्रों) के साथ जलाया जाता था (मनु. 5/167-168, याज्ञवल्क्य 1/89)। तैत्तिरीय संहिता (3/7/1) के अनुसार रजस्वला पत्नी वाले पति द्वारा सम्पन्न यज्ञ केवल आधा ही फल देता था, क्योंकि वह उस स्थिति में पति के साथ बैठकर यज्ञ नहीं कर सकती थी ।

किन्तु पत्नी बिना पति के तथा बिना उसकी आज्ञा के स्वतन्त्र रूप से कोई धार्मिक कृत्य सम्पादित नहीं कर सकती थी । (मनु. 5/155 विष्णुधर्मसूत्र 25/25) । कात्यायन ने यहाँ तक कह दिया है कि विवाह के पूर्व पिता की आज्ञा बिना या विवाहोपरान्त पति या पुत्र की आज्ञा बिना स्त्री जो कुछ आध्यात्मिक लाभ के लिए करती है, वह सब निष्फल जाता है (व्यवहारमयूख, पृ. 113 में उद्धृत, और देखिए व्यासस्मृति 2/19)

अति प्राचीन काल से विश्वास की धाराओं में एक धारा यह थी कि व्यक्ति तीन ऋणों के साथ जन्म लेता है, ऋषि-ऋण, देव-ऋण एवं पितृ-ऋण और इन ऋणों से वह क्रम से ब्रह्मचर्य (छात्र-जीवन) द्वारा, यज्ञ करके एवं सन्तानोत्पत्ति करके उऋण होता है ।[2] ऋग्वेद (5/4/10) में प्रार्थना (प्रजाभिरग्ने अमृतत्वमश्याम्) आती है-- ''मैं सन्तान के द्वारा अमरता प्राप्त करूँ ।

स्त्रियों की सामाजिक स्थिति

पत्नी पति की अर्धाङ्गिनी कही गयी है (शतपथब्राह्मण 5/2/1/10, 8/7/2/3, तैत्तिरीय संहिता 6/1/8/5, ऐतरेयब्राह्मण 1/2/5, बृहस्पति, अपरार्क-द्वारा उद्धृत, पृ. 740) । वैदिक काल में स्त्रियों ने ऋग्वेद की ऋचाएं बनायीं, वेद पढ़े तथा पतियों के साथ धार्मिक कृत्य किये । इस

---

1. पत्युर्नो यज्ञसंयोगे। पाणिनि 4/1/33, 'एवमपि तुवजकस्य पत्नीति न सिध्यति। उपमानात्सिद्धम्। पत्नीवत्पात्नीति।' महाभाष्य, जिल्द 2, पृ. 214
2. जायमानो वै ब्राह्मणस्त्रिभिर्ऋणवां जायते। ब्रह्मचर्येण ऋषिभ्यो यज्ञेन देवेभ्य: प्रजया पितृभ्य:। एष वा अनृणो य: पुत्री यज्वा ब्रह्मचारिवासी। तै.सं. 6/3/10/5, ऋणं ह वै जायते योऽस्ति। स जायमान एव देवेभ्य ऋषिभ्य: पितृभ्यो मनुष्येभ्य:। शतपथ ब्राह्मण 1/7/2/11, ऋणमस्मिन्संनयत्यमृतत्वं च गच्छति। पिता पुत्रस्य जातस्य पश्येच्चेज्जीवतो मुखम्।......... नापुत्रस्य लोकोऽस्तिति तत्सर्वे पशवो विदु:। ऐ.ब्रा. 33/1, वसिष्ठधर्म. (11/47) ने प्रथम उक्ति उद्धृत की है ।

प्रकार हम देखते हैं कि तब पश्चात्कालीन युग से उनकी स्थिति अपेक्षाकृत बहुत अच्छी थी । किन्तु वैदिक काल में भी कुछ लोगों ने स्त्रियों के विरोध में स्वर ऊँचा किया, उनकी अवमानना की तथा उनके साथ घृणा का बरताव किया । वैदिक एवं संस्कृत साहित्य के बहुत-से वचन स्त्रियों की प्रशंसा में पाये जाते हैं (बौधायनधर्मसूत्र 2/2/63-64, मनु. 3/55-62, याज्ञवल्क्य 1/71, 74, 78, 82, वसिष्ठधर्मसूत्र 28/1-9, अत्रि 140-141 एवं 193-198, आदिपर्व 74/140-152, शान्तिपर्व 144/6 एवं 12-17, अनुशासनपर्व 46, मार्कण्डेयपुराण 21/69/76)। कामसूत्र (3/2) ने स्त्रियों को पुष्पों के समान माना है (कुसुमसधर्माणो हि योषितः) । दो-एक अपवादों को छोड़कर स्त्रियों को किसी भी दशा में मारना वर्जित था ।

कुछ स्मृतिकारों ने बड़ी उदारता प्रदर्शित की है, यथा अत्रि एवं देवल, जिनके मत से यदि कोई स्त्री पर-जाति के पुरुष से समागम कर ले और उसे गर्भ रह जाय तो वह जातिच्युत नहीं होती, केवल बच्चा जनने या मासिक धर्म के प्रकट होने तक अपवित्र रहती है । पवित्र हो जाने पर उससे पुनः सम्बन्ध स्थापित किया जा सकता है और उत्पन्न बच्चा किसी अन्य को पालने के लिए दे दिया जाता है (अत्रि 195-196, देवल 50-51) ।[1] यदि किसी नारी के साथ कोई बलात्कार कर दे तो वह त्याज्य नहीं समझी जाती, वह केवल आगामी मासिक धर्म के प्रकट होने तक अपवित्र रहती है (अत्रि 197-198) । देवल ने म्लेच्छों द्वारा अपहृत एवं उनके द्वारा भ्रष्ट की गयी तथा गर्भवती हुई नारियों की शुद्धि की बात चलायी है । शान्तिपर्व (267/38) के अनुसार यदि स्त्री कुमार्ग में जाय तो दोष उसके पति का है न कि पत्नी का ।

महाभारत, मनुस्मृति, अन्य स्मृतियों एवं पुराणों में स्त्रियों पर घोर नैतिक लांछन लगाये गये हैं । नीचे कुछ उदाहरण दिये जा रहे है । अनुशासनपर्व (19/6) के अनुसार, ''सूत्रकार का निष्कर्ष है कि स्त्रियाँ अनृत (झूठी) हैं'', ''स्त्रियों से बढ़कर कोई अन्य दुष्ट नहीं है, ये एक साथ ही उस्तुरा की धार (क्षुरधार) हैं, विष हैं, सर्प और अग्नि हैं, (अनुशासनपर्व 28/12 एवं 29), ''सैकड़ों-हजारों में कहीं एक स्त्री पतिव्रता मिलेगी ।'' (अनुशासनपर्व 19/93), ''स्त्रियां वास्तव में दुर्दमनीय हैं, वे अपने पति के बन्धनों में इसीलिए रहती हैं कि उन्हें कोई अन्य पूछता नहीं (प्यार नहीं करता) और क्योंकि वे नौकरों-चाकरों से डरती हैं'' (अनुशासनपर्व 38/16) । और देखिए अनुशासनपर्व (38/24-25 एवं 39/6-7) ''स्त्रियों में राक्षसों, शम्बर, नमुचि तथा अन्य लोगों की धूर्तता पायी जाती है ।'' रामायण ने भी महाभारत की भांति स्त्रियों का रोना रोया है और उनकी भरपूर निन्दा की है--''... वे धर्मभ्रष्ट हैं, चचंल हैं, क्रूर हैं, और हैं विरक्ति उत्पन्न करने वाली'' (अरण्यकाण्ड, 45/29-30) । एक स्थान पर मनु महाराज (9/14-15) बहुत अनदार हो

---

1. असवर्णैस्तु यो गर्भः स्त्रीणां योनौ निषिच्यते। अशुद्धा सा भवेन्नारी यावद्गर्भं न मुञ्चति।। वियुक्ते तु ततः शल्ये रजश्चापि प्रदृश्यते । तदा सा शुध्यते नारी विमलं कांचनं यथा।। अत्रि 195-196, देवल 50-51। अत्रि ने पुनः कहा है --बलान्नारी प्रभुक्ता वा चौरभुक्ता तथापि वा। न त्याज्या दूषिता नारी न कामो अस्या विधीयते।। ऋतुकाल उपासीत पुष्पकालेन शुध्यति।। 197-198 ।

गये हैं--"वे कामी हैं, चंचल हैं, प्रेमहीन हैं, पति-द्रोही हैं, पर-पुरुष प्रेमी हैं चाहे वह पर-पुरुष सुन्दर हो या असुन्दर उन्हें तो बस पुरुष चाहिए ।"

पुरुषों को अपनी ओर आकृष्ट करना स्त्रियों का स्वभाव-सा है, अतः विज्ञ लोग नवयुवतियों से सावधानी से बातचीत करते हैं, क्योंकि नवयुवतियां सभी को, चाहे वे विज्ञ हों या अविज्ञ, पथभ्रष्ट कर सकती हैं" (मनु. 2/213-214, अनुशासनपर्व 48/37-38) । बृहत्पराशर के अनुसार स्त्रियों की काम-शक्ति पुरुषों की काम-शक्ति की आठ-गुनी होती हैं । आधुनिक काल में कुछ वृद्ध लोग स्त्रियों के दोषों की गणना करते हैं--अनृत (झूठ बोलना), साहस (विवेकशून्य कार्य), माया (धूर्तता), मूर्खत्व, अति लोभ, अशौच (अपवित्रता), निर्दयता--ये स्त्रियों के स्वाभाविक दोष हैं ।[1]

प्राचीन काल में भी कुछ ऐसे लेखक हुए हैं, जिन्होंने स्त्रियों के विरोध में कह गयी अनर्गल, निरर्थक तथा आधारहीन उक्तियों का विरोध एवं उनकी कटु आलोचनाएं की हैं । वराहमिहिर (छठी शताब्दी) ने बृहत्संहिता (74) में स्त्रियों के पक्ष का ओजस्वी समर्थन किया है, तथा उनकी प्रशंसा में बहुत कुछ कह डाला है ।[2] वराहमिहिर के मत से स्त्रियों पर धर्म एवं अर्थ आश्रित हैं, उन्हीं से पुरुष लोग इन्द्रिय-सुख एवं सन्तान-सुख प्राप्त करते हैं, ये घर की लक्ष्मी हैं, इनको सदैव सम्मान एवं धन देना चाहिए । इसके उपरान्त वराहमिहिर ने उन लोगों की भर्त्सना की है जो वैराग्यमार्ग का अनुसरण कर स्त्रियों के दोषों की चर्चा करते हैं, और उनके गुणों के विषय में मौन हो जाते हैं । वराहमिहिर निन्दकों से पूछते हैं--"सच बताओं, स्त्रियों में कौन से दोष हैं जो तुम लोगों में नहीं पाये जाते ? पुरुष लोग धृष्टता से स्त्रियों की भर्त्सना करते हैं, वास्तव में वे (पुरुषों की अपेक्षा) अधिक गुणों से सम्पन्न होती हैं ।" वराहमिहिर ने मनु के वचनों को अपने समर्थन में उद्धृत किया है, "अपनी माँ या अपनी पत्नी भी स्त्री ही है, पुरुषों की उत्पत्ति

---

1. प्रजापतिमतं ह्येतन्न स्त्री स्वातन्त्र्यमर्हति। (अनुशासनपर्व 20/14, अनृताः स्त्रिय इत्येवं सूत्रकारो व्यवस्यति। अनृताः स्त्रिय इत्येव वेदेष्वपि हि पठ्यते।। (अनुशासन पर्व 19/6-7), न स्त्रीभ्य, किंचिदन्यद्वै पापीयस्तरमस्ति वै।....क्षुरधारा विषं सर्पो वह्निरित्येकतः स्त्रियः। (अनुशासनपर्व 38/12 एवं 29)

2. येप्यंगनानां प्रवदन्त दोषान्वैराग्यमार्गेण गुणान् विहाय। ते दुर्जना मे मनसो वितर्कः सद्भाववाक्यानि न तानि तेषाम्।। प्रब्रूत सत्यं कतरो अगनानां दोषस्तु यो नाचरितो मनुष्यैः। धाष्ट्र्येन पुंभिः प्रमदा निरस्ता गुणाधिकास्ता मनुनात्र चोक्तम्। जाया वा स्याज्जनित्री वा स्यात्संभवः स्त्रीकृतो नृणाम्। हे कृतघ्नास्तयोर्निन्दां कुर्वतां व कुतः सुखम्।। अहो धष्ट्र्यमसाधूनां निन्दतामनघाः स्त्रियः। मुष्णतामिव चौराणां तिष्ठ चौरेति जल्पताम्।। पुरुष-श्चटुलानि कामिनीनां कुरुते यानि रहो न तानि पश्चात्। सुकृतातयांगना गतासूनवगृह्य प्रविशन्ति सप्तजिह्वम्।। बृहत्संहिता 74/5, 6, 11, 15, 16 । 7वां एवं 9 वां श्लोक बौधायनगृह्यसूत्र (2/2/63-64) में, 10 वां मनु (3/58) में तथा 7 वां एवं 8 वां वसिष्ठ (28/4 एवं 9) में पाये जाते हैं ।

उन्हीं से होती है, अरे कृतघ्न एवं दुष्ट, तुम जब इस प्रकार उनकी भर्त्सना करते हो तो तुम्हें सुख क्यों कर मिलेगा ? शास्त्रों के अनुसार दोनों पति एवं पत्नी पापी हैं यदि वे विवाह के प्रति सच्चे नहीं होते, पुरुष लोग शास्त्रों की बहुत कम परवाह करते हैं --(किन्तु स्त्रियाँ बहुत परवाह करती हैं), अतः स्त्रियाँ पुरुषों की अपेक्षा अति उच्च हैं ।'' वराहमिहिर पुनः कहते हैं--''दुष्ट लोगों की धृष्टता कितनी बड़ी है, ओह ! वे पवित्र एवं निरपराध स्त्रियों पर गालियों की बौछार करते हैं, यह तो वैसा ही है जैसा कि चोरों के साथ देखा जाता है, अर्थात् चोर स्वयं चोरी करते हैं और पुनः शोर-गुल करते हैं, अकेले में पुरुष स्त्री की चाटुकारी करते हैं, किन्तु उसके मर जाने पर उनके पास इसी प्रकार के मीठे शब्द नहीं होते, किन्तु स्त्रियाँ कृतज्ञता के वश में आकर अपने पति के शवों का आलिगन करके अग्नि में प्रवेश कर जाती हैं ।'' कालिदास, बाण एवं भवभूति जैसे साहित्यकारों को छोड़कर वराहमिहिर के अतिरिक्त किसी अन्य लेखक ने स्त्रियों के पक्ष में तथा उनकी प्रशंसा में इस प्रकार सुन्दर वाक्य नहीं कहे हैं ।[1]

स्त्रियों की निन्दा के शब्द स्मृतियों में भरे पड़े हैं, किन्तु माता के रूप में उनकी प्रशंसा की गयी है --

गौतम (2/56) का कहना है --''आचार्य (वेदगुरु) गुरुओं में श्रेष्ठ है, किन्तु कुछ लोगों के मत से माता ही सर्वश्रेष्ठ है ।'' आपस्तम्बधर्मसूत्र (1/10/28/9) का कहना है कि पुत्र को चाहिए कि वह अपनी माता की सदा सेवा करे, भले ही वह जातिच्युत हो चुकी हो, क्योंकि वह उसके लिए महान् कष्टों को सहन करती है । यही बात बौधायनधर्मसूत्र (2/2/48) में भी है, किन्तु यहाँ पुत्र को अपनी जातिच्युत माता से बोलना मना किया गया है । वसिष्ठधर्मसूत्र (13/47) के मत से ''पतित पिता का त्याग हो सकता है, किन्तु पतित माता का नहीं, क्योंकि पुत्र के लिए वह कभी भी पतित नहीं है ।''[2] मनु (2/145) के अनुसार आचार्य दस उपाध्यायों से महत्ता में आगे हैं, पिता सौ आचार्यों से आगे है, माता एक सहस्र पिताओं से बढ़कर है (वसिष्ठधर्मसूत्र 13/48) । शंखलिखित ने एक बहुत ही उपकारी सम्मति दी है--''पुत्र को पिता एवं माता के युद्ध में किसी का पक्ष नहीं लेना चाहिए, किन्तु यदि वह चाहे तो माता के पक्ष में बोल सकता है, क्योंकि माता ने उसे गर्भ में धारण किया एवं उसका पालन-पोषण किया, पुत्र, जब तक वह जीवित

---

1. कालिदास एवं भवभूति ने बड़े ही कोमल ढंग से पति एवं पत्नी के प्रिय एवं मधुर संबंध की ओर संकेत किया है--'गृहिणी सचिवः सखी मिथः प्रियशिष्या ललिते कलाविधै। करुणाविमुखेन मृत्युना हरता त्वां वद किं न मे हृतम्।।' रघुवंश 8/66, 'प्रेयो मित्रं बन्धुता वा समग्रा सर्वे कामाः शेवधिर्जीवितं वा। स्त्रीणां भर्ता धर्मदाराश्च पुंसामित्यन्योन्यं वत्सयोर्ज्ञातमस्तु।।' मालतीमाधाव 6 । और देखिए उत्तररामचरित (1) का प्रसिद्ध श्लोक 'अद्वैतं सुखदुःखयोरगुणं ....आदि ।
2. आचार्यः श्रेष्ठो गुरूणां मातेत्येके। गौतम 2/56, माता पुत्रत्वस्य भूयांसि कर्माण्यारभते तस्यां शुश्रूषा नित्या पतितायामपि। आप. ध. 1/10/18/9, पतितामपि तु मातरं बिभूयादनभिभाषमाणः। बौ. ध. 2/2/48, पतितः पिता परित्याज्यो माता तु पुत्रे न पतति। वसिष्ठ 13/47

है, अपनी माता के ऋण से छुटकारा नहीं पा सकता, केवल सौत्रामणि यज्ञ करने से ही उऋण हो सकता है ।'' याज्ञवल्क्य (1/35) के अनुसार अपने गुरु, आचार्य एवं उपाध्याय से माता बढ़कर है । अनुशासनपर्व (105/14-16) का कहना है कि माता महत्ता में दस पिताओं से, यहाँ त कि सारी पृथिवी से बढ़कर है, मांता से बढ़कर कोई गुरु नहीं है । शान्तिपर्व (267) में भी माता की प्रशंसा की गयी है । अत्रि (151) के मत से माता से बढ़कर कोई अन्य गुरु नहीं है । पाण्डवों ने अपनी माता कुन्ती को सर्वोच्च सम्मान दिया था । आदिपर्व (37/4) में आया है -- ''सभी प्रकार के शापों से छुटकारा हो सकता है किन्तु माता के शाप से छुटकारा नहीं प्राप्त हो सकता।''[1]

विधवा की स्थिति

आपस्तम्ब, मनु एवं नारद ने पुत्रहीन पुरुष की विधवा को उत्तराधिकारी नहीं माना है, किन्तु गौतम (28/19) ने उसे सपिण्डों एवं सगोत्रों समान ही सम्पत्ति का उत्तराधिकारी माना है । प्राचीन काल में विधवा को दायाधिकार नहीं था, इस विषय में हमें शाकुन्तल (6) से प्रकाश मिलता है, जहाँ मन्त्री ने राजा को लिखा है कि मरणशील वणिक् की सम्पत्ति विधवा को न मिलकर राजा को मिलेगी । किन्तु याज्ञवल्क्य (2/135), विष्णु एवं कात्यायन ने कहा है कि पुत्रहीन पुरुष की विधवा प्रथम उत्तराधिकारी है । इससे स्पष्ट है कि मध्य काल में प्रारम्भिक सूत्रकाल की अपेक्षा विधवा के अधिकार अधिक सुरक्षित थे। किन्तु अन्य बातों में स्त्रियों की दशा में अवनति होती गयी, वे शूद्र के समान समझी जाने लगी। यास्क के समय में उत्तर भारत में विधवा को उत्तराधिकार नहीं प्राप्त था, क्योंकि उन्होंने दक्षिण के देशों की विधवा के ही उत्तराधिकार की चर्चा की है--''दक्षिणी देशों में पुत्रहीन पुरुष की विधवा सभा में जाती है, चौकी पर खड़ी होती है, वह पति की सम्पत्ति पाती है।''

ऋग्वेद (4/18/12, 10/18/7, 10/40/2 एवं 8) में विधवा शब्द कई बार आया है, किन्तु इनमें अन्तिम अर्थात् ऋग्वेद 10/40/2 को छोड़कर अन्य अंश विधवा की दशा पर कोई विशेष प्रकाश नहीं डालते । ऋग्वेद (1/87/3) में आया है कि मरुतों की अति शीघ्र गतियों से पृथिवी पतिहीन स्त्री की भांति कांपती है । इससे प्रकट होता है कि विधवाएं या तो दुःख के मारे या बलात्कार के डर से कांपती थी । ''प्रैषामज्मेषु विधुरेव रेजते भूमिर्यामेषु युद्ध युज्यते शुभे''

---

1. 1. न मातापित्रोरन्तरं गच्छेत्पुत्रः। कामं मातुरेवानुब्रूयात्सा हि धारिणी पोषणी च । न पुत्रः प्रति मुच्येतान्यत्र सौत्रामणियागाज्जीवन्नृणान्मातुः। शंखलिखित (संस्कारप्रकाश पृ. 479) और देखिए विवादरत्नाकर (पृ. 357), स्मृतिचन्द्रिका (जिल्द 1, पृ. 35) ।

   2. नास्ति मातृसमा छाया नासित मातृसमा गतिः। नास्ति मातृसमं त्राणं नास्ति मातृसमा प्रिया।।
   शान्तिपर्व (267-31), माता गुरुतरा भूमेः । वनपर्व 313/60, नास्ति वेदात्परं शास्त्रं नास्ति मातुः परो गुरुः। नास्ति दानात्परं मित्रमिह लोके परत्र च ।। अत्रि 151, नास्ति सत्यात्परो धर्मो नास्ति मातृसमो गुरुः। शान्ति. 343/18 ।

   3. सर्वेषामेव शापानां प्रतिधातो हि विद्यते । न तु मात्राभिशप्तानां मोक्षः क्वचन विद्यते ।। आदिपर्व 37/4।

महाभारत के आदिपर्व में आया है कि 'जिस प्रकार पृथ्वी पर पड़े मांस के टुकड़े पर पक्षी गण मड़राते हैं, उसी प्रकार पतिहीन स्त्री पर पुरुष टूट पड़ते हैं --उत्सृष्टमामिषं भूमौ प्रार्थयन्ति यथा खगाः। प्रार्थयन्ति जनाः सर्वे पतिहीनां तथा स्त्रियम्। इसी प्रकार शान्ति पर्व में आया है कि बहुत से पुत्रों के होने पर भी सभी विधवायें दुःखी है । 'सर्वापि विधवा नारी बहुपुत्रापि शोचते ।' (शान्तिपर्व 148/2)

हिन्दू विधवा की स्थिति अत्यन्त शोचनीय थी और उसका भाग्य तो किसी भी स्थिति में स्पृहणीय नहीं माना जा सकता । वह अमंगल सूचक थी और किसी भी उत्सव में, यथा विवाह में, किसी प्रकार का भाग नहीं ले सकती थी । उसे न केवल पूर्ण रूप से साध्वी रहना पड़ता था, चाहे वह बचपन से ही विधवा क्यों न हो, प्रत्युत उसे संन्यासी की भांति रहना पड़ता था, कम भोजन और कम वस्त्र धारण करना पड़ता था । उसके सम्पत्ति-अधिकार न कुछ थे । यदि उसका पति पुत्रहीन मर गया तो उसे मौलिक रूप से उत्तराधिकार नहीं मिलता था । कालान्तर में उत्तराधिकार के विषय में उसकी स्थिति में सुधार हुआ । हिन्दू संयुक्त परिवार में विधवा को केवल भरण-पोषण का अधिकार है (बंगाल में कुछ अधिक अधिकार हैं), जिसे वह अन्य पुरुष के सम्पर्क में जाने पर खो देती है । यदि वह पुनः नैतिक जीवन व्यतीत करने लगे तो उसे जीवन-चर्या का अधिकार प्राप्त हो सकता है । यदि पति की पृथक् रूप से सम्पत्ति हो गयी हो और उसे एक पुत्र या कई पुत्र हों तो उसकी विधवा को केवल भरण-पोषण का ही अधिकार मिलता है । यह स्थिति अभी कुछ दिनों तक रही है किन्तु अब विधवा की अवस्था में कुछ सुधार हुआ है ।

स्त्रियाँ क्रमशः उपनयन, वेदाध्ययन तथा वैदिक मन्त्रों के साथ संस्कार-सम्पादन के सारे अधिकारों से वंचित होती चली गयीं, और इस प्रकार वे पूर्णतः पुरुषों पर आश्रित हो गयी । उनकी दशा, इस प्रकार, अन्त्यज की दशा के समान हो गयी । सभी द्विजों को पवित्र होने के लिए तीन बार आचमन करना आवश्यक है । किन्तु नारी एवं अन्त्यज को केवल एक बार (मनु 5/139, याज्ञवल्क्य 1/21) । द्विजातियां वैदिक मन्त्रों के साथ स्नान करती थीं । स्त्रियां एवं शूद्र बिना मन्त्रों के अर्थात् मौन रूप से । शूद्र और स्त्रियां आम -श्राद्ध (बिना पके भोजन के साथ) करती थीं । स्त्रियों एवं शूद्रों की हत्या पर समान दण्ड मिलता था (बौधायनधर्मसूत्र 2/1/11-12, पराशर 6/16)। साधारणतः स्त्रियां, बच्चे एवं जीर्ण पुरुष साक्ष्य नहीं दे सकते थे । (याज्ञवल्क्य 2/70, नारद, ऋणादान 178, 190, 192), किन्तु मनु (8/67-70), याज्ञवल्क्य (2/72) एवं नारद (ऋणादान 155) ने स्त्रियों के झगड़ों में स्त्रियों को साक्ष्य देने को कह दिया है ।

विधवा विवाह की स्थिति

पुनर्भू शब्द उस विधवा के लिए प्रयुक्त होता है, जिसने पुनर्विवाह किया हो । स्मृतिचन्द्रिका 175 में कहा गया है कि ''वाचा दत्ता मनोदत्ता कृतकौतुकमङ्गला। उदकस्पर्शिता या च या च पाणिगृहीतिका ।। अग्निं परिगता या च पुनर्भूः प्रसवा च या । इत्येताः काश्यपेनोक्ता दहन्ति

कुलमग्निवत् ॥

नारद (स्त्रीपुंस, 97), पराशर (4/30), एवं अग्निपुराण (154/5-6) में एक ही श्लोक आया है, यथा ''नष्टे मृते प्रव्रजिते क्लीबे च पतिते पतौ। पञ्चस्वापत्सु नारीणां पतिरन्यो विधीयते।।'' नारद (स्त्रीपुंस प्रकरण 97) । इसका अर्थ है --''पांच विपत्तियों में स्त्रियों के लिए द्वितीय पति आज्ञापित हैं, जब पति नष्ट हो जाय (उसके विषय में कुछ सुनाई न पड़े), मर जाय, संन्यासी हो जाय, नपुंसक हो या पतित हो ।''

समृत्यर्थसार (लगभग 1150 ई. से 1200 ई. तक) ने कई मत प्रकाशित किये हैं, यथा--

1. कुछ लोगों के मत से यदि सप्तपदी के पूर्व ही वर मर जाय तो कन्या का विवाह पुनः हो जाना चाहिए,

2. अन्यों का कहना है कि समागम (सम्भोग हो जाने के) के पूर्व यदि पति/मर जाय तो पुनर्विवाह हो जाना चाहिए,

3. कुछ लोगों के मत से यदि विवहोपरान्त कन्या के रजस्वला होने के पूर्व/पति मर जाय तो पुनर्विवाह हो जाना चाहिए तथा

4. कुछ अन्य लोगों के अनुसार गर्भ गहरने के पूर्व पुनर्विवाह आज्ञापित है ।

मनु (4/162) ने विधवा के पुनर्विवाह का विरोध किया है--''सदाचारी नारियों के लिए दूसरे पति की घोषण कही नहीं हुई है ।

न द्वितीयश्च साध्वीनां क्वचिद् भर्तोपदिश्यते । मनु 5/162, न विवाहविधावुक्तं विधवावेदनं पुनः। मनु 9/65, सकृत्कन्या प्रदीयते। मनु 9/47, पाणिग्रहणिका मन्त्राः कन्यास्वेव प्रतिष्ठिताः। मनु 8/226 । ब्रह्मपुराण में आया है कि ''यदि सा बालविधवा, बलात्त्यक्ताऽथवा क्वचितो । तदा भूयस्तु संस्कार्या गृहीता येन केचचित् ।।

कौटिल्य (3/4) ने मनोहर नियम दिये हैं --''विदेश गये हुए या संन्यासी, या मरे हुए पति को पत्नी को सात ऋतुमास तक प्रतीक्षा कर, तथा यदि उसे एक बच्चा हो, तो साल भर तक प्रतीक्षा कर अपने पति के सगे भाई से विवाह कर लेना चाहिए । यदि कई भाई हों तो उसे अपने पति की सन्निकट अवस्था वाले भाई से, जो सदाचारी हो, उसका भरण-पोषण कर सके या वह जो सबसे छोटा हो या अविवाहित हो, उससे विवाह करना चाहिए । यदि कोई भाई न हो तो वह अपने पति के सपिण्ड से या उसी जाति के किसी से भी विवाह कर सकती है।''

विधवा के पुनर्विवाह के विषय में अथर्ववेद की कुछ उक्तियाँ भी विचारणीय हैं । अथर्ववेद (5/17/8-9) में आया है --''यदि कोई स्त्री पहले दस अब्राह्मण पति करे, किन्तु अन्त में यदि वह ब्राह्मण से विवाह करे, तो वह उसका वास्तविक पति है । इसका तात्पर्य यह है कि

यदि स्त्री को प्रथम क्षत्रिय या वैश्य पति हो, तो यदि वह उसकी मृत्यु के उपरान्त किसी ब्राह्मण से विवाह करती है तो वही उसका वास्तविक पति कहा जायगा । (अथर्ववेद (9/5/27-28) में पुनः आया है --''यदि कोई स्त्री एक पति से विवाह करने के उपरान्त दूसरे से विवाहित होती है, यदि वे (दोनों) एक बकरी और भात की पांच थालियां देते हैं तो वे दोनों एक-दूसरे से अलग नहीं होंगे । दूसरा पति अपनी पुनर्विवाहित पत्नी के साथ वही लोक प्राप्त करता है । यहां पर भी पूनर्भू शब्द प्रयुक्त हुआ है । हो सकता है कि यहां मनोदत्ता कन्या के ही पुनर्विवाह की चर्चा हो। चाहे जो हो, यह स्पष्ट लक्षित होता है कि इस प्रकार का विवाह तब तक अच्छा नहीं गिना जाता था जब तक कि कन्या का पाप या लोकापवाद यज्ञ से दूर न कर दिया जाय । इतना स्पष्ट है कि अथर्ववेद के मत में विधवा का पुनविवाह निषिद्ध एवं वर्जित नहीं माना जाता था । तैत्तिरीय संहिता (3/2/4/4) में दैधिषव्य (विधवापुत्र) शब्द आया है । गृह्यसूत्र विधवा-पुनर्विवाह के विषय में मौन है । लगता है, तब तक वह विवाह वर्जित सा हो चुका था, केवल यत्र-तत्र ऐसी घटनाएं घट जाया करती थीं । ब्राह्मणों एवं उनके समान अन्य जातियों में सम्मान के विचार से विधवा-विवाह शताब्दियों से वर्जित रहा है। प्राचीनतम ऐतिहासिक उदाहरणों में रामगुप्त की रानी ध्रुवदेवी का (पति की मृत्यु के उपरान्त) अपने देवर चन्द्रगुप्त से विवाह अति प्रसिद्ध रहा है ।

निष्कर्ष

उपर्युक्त विश्लेषण से यह निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि भारतीय जीवन पद्धति में विधवा का स्थान

विशिष्टाद्वैत सिद्धान्त के अनुसार 'तत्त्वमसि' वाक्यार्थ-विमर्श

प्रो. केदार प्रसाद परोहा

हिन्दूशास्त्रों का मूल वेद है, वेद अनन्त ज्ञान के भण्डार हैं, वेदों का ज्ञानकाण्ड शीर्षस्थानीय है, जो उपनिषद् या वेदान्त के नाम से प्रख्यात है। उपनिषदों में ब्रह्म के स्वरूप का यथार्थ निर्णय है, साथ ही उसकी प्राप्ति हेतु साधकों के लिये विभिन्न उपासनाओं का प्रतिपादन है। उनमें जो प्रतीकोपासना का वर्णन है, वह भी एक-देशीय और सर्वदेशीय दोनों प्रकार से व्यक्त है।

परमात्मा की प्राप्ति के लिये, दृष्टान्त, उदाहरण, संकेत तथा विधि-निषेधात्मक वाक्यों के द्वारा अनेक युक्तियों से विभिन्न साधन बतलाये गये हैं; उनमें से किसी भी एक साधन के अनुसार समुचित अनुष्ठान के माध्यम से मनुष्य को परमात्मा की प्राप्ति हो सकती है। उपनिषदुक्त साधन इस प्रकार से हैं–1. भेदोपासना, और 2. अभेदोपासना– ये दो तरह की उपासनाएँ हैं। भेदोपासना के भी दो प्रकार हैं, एक तो वह, जिसके साधन में भेदभावना बनी रहती है, फल में भी भेद ही रहता है; और दूसरी वह है, जिसमें साधनाकाल में तो भेद रहता है, परन्तु फल में अभेद होता है।[1]

भेदोपासना में तीन तत्त्व अनादि मानते जाते हैं– 1. माया (प्रकृति) 2. जीव और 3. मायापति परमेश्वर यह सिद्धान्त उपनिषदों में उद्धृत हैं। प्रकृति जडपदार्थ है, इसके कार्य का स्वरूप यह है जो क्षणिक, नाशवान् और परिणामी है। जीवात्मा और परमेश्वर–दोनों ही नित्य चेतन एवं आनन्द स्वरूप हैं, किन्तु जीवात्मा अल्पज्ञ है और परमेश्वर सर्वज्ञ हैं। जीव असमर्थ है, परमेश्वर-सर्वसमर्थ हैं, जीव अंश है परमात्मा अंशी है, जीव भोक्ता है परमेश्वर साक्षी हैं, जीव उपासक है, परमात्मा उपास्य हैं। वे परमेश्वर समय-समय पर प्रकट होकर जीवों के कल्याण हेतु उपदेश भी देते हैं।[2] जैसे माया नामक कामधेनु गाय के दो बछड़े हैं– जीव और ईश्वर। ये दोनों इच्छानुसार द्वैतरूप दुग्ध का पान करते हैं, परतु परमार्थतः तो अद्वैत ही है। किसी आचार्य ने कहा है कि–

---

1. क. परभक्तिपरज्ञानपरमभक्तिरूपक्रमवतीप्रपत्त्यङ्गिका च। सा द्विविधा-साधनभ्ज्ञक्तिफलभक्तिभेदात्।– यतीन्द्रमतदीपिका, पृ. 139.
   ख. फलभक्तिस्तु भगवदनुग्रहकृता भवेत्।
   अत एव हरिः साक्षात्सिद्धोपायत्वमश्नुते।। –वेदान्तकारिकावलीविमर्श, कारिकासंख्या, 7/14.
2. क. अयमेव सर्वस्व जगतः कारणम्, स्वरूपविशिष्ट ईश्वर एवास्य जगतः कारणम्। –तत्त्वत्रय, 11 पृ. 239.
   ख. नारायणो जगन्मूर्तिरनन्तात्मा सनातनः, ऋषयः पितरो देवाः महाभूतानि धातवः। जगङ्गमाजङ्गमं चेदं जगन्नारायणोद्भवम्। –महाभारत-वेदार्थसंग्रहः, पृ. 112.

मायाख्यायाः कामधेनोर्वत्सौ जीवेश्वरावुभौ।
यथेच्छं पिबतां द्वैतं तत्त्वमद्वैतमेव हि॥

मुख्य बात यह है कि अद्वैतवाद और व्यावहारिक द्वैतवाद–दोनों ही वेद सम्मत हैं। पूर्वकाल में जिन गुरुजनों ने पद, वाक्य, प्रमाणों के द्वारा विवेचन करते हुये वेदान्तों की व्याख्या की है, उन्हें मैं सर्वदा नमस्कार करता हूँ। क्योंकि ब्रह्मसूत्रों में श्रुति का सार तत्व है। आचार्यो ने प्रस्थानत्रयी के आधार पर सम्प्रदायगत व्याख्याओं से अपने सिद्धान्तों को प्रकट किया है।[1] शङ्कराचार्य ने बार-बार इस बात को आग्रहपूर्वक कहा है कि ईश्वर विषयक ज्ञान का एकमात्र सर्वश्रेष्ठ साधन श्रुति है, वे वेदों को स्वतः प्रकाश तथा स्वतः प्रमाण मानते हैं, तथा इसकी घोषणा भी करते हैं।[2] आचार्य शङ्कर के मत में निर्गुण ब्रह्म एवं सगुण-ब्रह्म एक ही वस्तु के दो रूप हैं। कहते हैं कि स्वरूप दृष्टि से ब्रह्म निर्गुण है, जगत् के सम्बन्ध से ब्रह्म सगुण है। स्वरूप लक्षण व तटस्थ लक्षण के सिद्धान्त से एक अनन्त, सनातन आनन्दतत्त्व में द्वैत की उद्भावना किये बिना भी विभेद की स्थापना के कारण समर्थ हुये। आचार्य शङ्कर यह भी कहते हैं कि जगत् की व्यावहारिक सत्ता, ब्रह्म की पारमार्थिक सत्ता पर अवलम्बित है।[3] तथा मूलतः दोनों एक ही हैं।[4]

मेरे विचार से इसी प्रकार अद्वैत, विशिष्टाद्वैत एवं द्वैत, द्वैताद्वैत, शुद्धाद्वैत, सिद्धान्तों की एकता भी अक्षुण्ण है। यहाँ भी श्रीकृष्ण की वाणी सदा की भाँति हमें समन्वय की कुञ्जी प्रदान करती है, भगवान् का कथन है कि– ज्ञानयोगी निर्गुण निराकार ब्रह्म का ज्ञानयज्ञ के द्वारा अभिन्न भाव से पूजन करते हुए मेरी उपासना करते हैं, कुछ लोग विराट् स्वरूप परमेश्वर की पृथग्भाव से उपासना करते हैं। जबकि सायुज्य और कैवल्य स्वरूप में कोई भेद नहीं है।[5] परमात्मा को लोग परस्पर प्रतिकूल, विरोधी और विनाशी समझते हैं किन्तु भगवान् श्रीकृष्ण ने तो यहाँ तक कहा कि समस्त उपनिषदों के सारतत्त्व श्रीमद्भगवाद्गीता में नारायण तो सामञ्जस्य, समता और एकता से पूर्ण सम्पन्न हैं।

---

1. क. "ब्रह्मसूच्यत यथायथं निरूप्यते येन तत् ब्रह्मसूत्रम्" –श्रीभाष्यभूमिका, पृ. 2.
   ख. पदच्छेदः पदार्थोक्तिः विग्रहो वाक्ययोजना। आक्षेपस्य समाधानं व्याख्यानं पञ्च लक्षणमम्॥ –श्रीभाष्य-1-11, पृ. 2.
2. क. "ब्रह्मसूच्यते यथायथं निरूप्यते येन तत् ब्रह्मसूत्रम्" –श्रीभाष्यभूमिका, पृ. 2.
   ख. रामानुजं श्रीः स्वीचक्रेमध्वाचार्यश्चतुर्मुखः।
   श्री विष्णु स्वामिनं रुद्रो निम्बादित्यविद्याभूषणः। –प्रस्तावरत्नाकरः, पृ. 2.
   ग. "ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या जीवो ब्रह्मैव नापरः" –ब्रह्मज्ञानवलीममाला, पृ. 1.
3. "ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या जीवो ब्रह्मैव नापरः" –ब्रह्मज्ञानवलीमाला, पृ. 1
4. दैवी ह्येषा गुणमयी मम माया दुरत्यया।
   मामेव ये प्रपद्यन्ते मायामेतां तरन्ति ते॥ –श्रीमद्भगवद्गीता, -7-14.
5. ज्ञानयज्ञेन चाप्यन्ये यजन्तो मामुपासते।
   एकत्वेन पृथकत्वेन बहुधा विश्वतोमुखम्॥ (गीता 9/15)

विश्व के समस्त मानव-समाज को नव चेतना की जागृति करके आत्यन्तिक शान्ति प्रदान करने के लिये औपनिषदिक-सिद्धान्त को प्रवर्तित किया। "उपनिषदें" साक्षात् कामधेनु हैं। "ब्रह्मसूत्रों" की रचना इन्हीं के आधार पर हुई है तथा "श्रीमद्भगवद्गीता" भी गोपालनन्दन द्वारा दोहन किया हुआ इन्हीं का परम मधुर दुग्धामृत है।[1] भारतवर्ष के जितने भी आस्तिक सम्प्रदाय हैं, सबके आधार उपनिषद्, ब्रह्मसूत्र, श्रीमद्भगवद्गीता ये ही तीन ग्रन्थरत्न हैं, जो 'प्रस्थानत्रयी' के नाम से विख्यात हैं। इस प्रस्थानत्रयी के आधार पर ही सभी सम्प्रदायाचार्यों ने अपने-अपने विचारानुसार विवेचनात्मक व्याख्यायें की हैं। विशिष्टाद्वैत के संस्थापक आचार्य ने तो यहाँ तक कहा कि ब्रह्म को आँखों में ज्ञानाञ्जन लगाकर अपनी निश्चित मति से भगवान् को देहबुद्धि से मैं दास हूँ, जीव सम्बन्ध से आपका अंश हूँ तथा आत्मबुद्धि से मैं आपका ही हूँ–

दृष्टिं ज्ञानमयीं कृत्वा पश्येद् ब्रह्ममयं जगत्।
देहबुद्ध्या तु दासोऽहं जीवबुद्ध्या त्वदंशकः॥
आत्मबुद्ध्या त्वमेवामिति मे निश्चिता मतिः॥

वस्तुतः गुरु-कृपा से सब कुछ सुलभ हो सकता है क्योंकि प्रभु परमेश्वर की कृपा का आधार भी गुरु-कृपा ही है, बिना गुरुकृपा के परम प्रभु की कृपा हो नहीं सकती, और बिना प्रभुकृपा के तत्त्वज्ञान नहीं मिल सकता, यह उपनिषद् का स्पष्ट प्रवचन है। परमात्मा जिसके ऊपर कृपा करता है, वही इसे यथार्थस्वरूप में प्राप्त करता है।

परब्रह्म ही उपनिषदों का प्रतिपाद्य विषय है, एवं परमलक्ष्य भी है। इस तत्त्व को हृदयङ्गम करना आत्यन्त दुरुह है, बिना अधिकारी के परमतत्त्व का साक्षात्कार भी नहीं होता, इसीलिये उपनिषदों में सर्वत्र ही अधिकार की चर्चा है।

यस्य देवे परा भक्तिर्यथा देवे तथा गुरौ।
तस्यैते कथिता ह्यार्थाः प्रकाशन्ते महात्मनः॥

उपनिषन्मन्त्रों एवं गीता के शब्दों में तत्त्वज्ञान-प्रापित के लिये अधिकारी के निमित्त गुरूपासनादि कुछ विशिष्ट नियम भी हैं। श्रीमद्भागवत में बताया गया है कि वेदान्त के श्रवण-मननादि से तथा भगवान् के गुणों के बार-बार श्रवण करने से भगवद्ध्यानादि के द्वारा कामादि दोषों का शीघ्र उपशमन होता है, तब उस साधक को परमात्मतत्त्व की अनुभूति प्राप्त होती है।[2]

अनन्त अपौरुषेय वेद तथा वाङ्मय का उपनिषत्साहित्य वह ज्ञानकाण्ड है, जिसके बल पर आध्यात्मवादी ऋषियों का कहना है कि–

1. सर्वोपनिषदो गावो दोग्धा गोपालनन्दनः।
पार्थो वत्सः सुधीर्भोक्ता दुग्धं गीतामृतं महत्॥ श्रीमद्भगवद्गीता शाङ्करभाष्य मङ्गलाचरणम्, श्लोक संख्या-4.
2. तद्विद्धि प्रणिपातेन परिप्रश्नेन सेवया।
उपदेक्ष्यन्ति ते ज्ञानं ज्ञानिनस्तत्त्वदर्शिनः॥ –श्रीमद्भगवद्गीता, 4.34.

तत्कर्म यन्न बन्धाय सा विद्या या विमुक्तये।

कर्म वह है जो बन्धन के लिये न हो और विद्या वह है जो बन्धन से मुक्त कर दे, ऋषियों ने इसी विद्या के प्रभाव से अनन्त सच्चिदानन्द परब्रह्म का साक्षात्कार किया, कराया और इस विद्या को ब्रह्मविद्या कहकर परमतत्त्व के साथ रहने वाले उसके सम्बन्ध को भी स्पष्ट कर दिया। सगुण-निर्गुण, भेद-अभेद, द्वैत-अद्वैत, नित्याविभूति-लीलाविभूति की उलझनें भी सुलझ जाती है; किन्तु पृथक्-पृथक् ब्रह्मविद्याओं में परब्रह्म के पृथक-पृथक् नामकरण तथा ब्रह्मविद्याओं के मौलिक स्वरूप संदेह के कारण बन सकते थे, परन्तु इसके लिये भी "शेषावतार आचार्य श्री रामानुज" ने ब्रह्मसूत्र के लिङ्गभूयस्त्वाधिकरण में तैत्तरीयोपनिषद् के नारायणानुवाक में लिखा है कि– ब्रह्मविद्याओं में जो अक्षर, शिव, शम्भु, परब्रह्म, परज्योति, परमतत्त्व परमात्मा आदि जो शब्द हैं, उन्हीं शब्दों में "नारायणानुवाक्" में उपास्य परमतत्त्व का निर्देश करते हुए उनके नारायण स्वरूप का विधान किया है।[1] साथ ही यह भी कहा है कि–

अतो वाक्यार्थज्ञानादन्यदेव ध्यानोपासनादिशब्दवाच्यं ज्ञानं
वेदान्तवाक्यैर्विधित्सितम्।

अर्थात् ब्रह्मविद्या से होने वाले ज्ञान को वाक्यार्थज्ञान तक सीमित न करके उसे ध्यान, उपासना आदि शब्दों का वाच्य ठहराया है।

इस प्रकार श्रुति, सूत्र और भाष्य– ये तीनों एक पूर्ण दर्शन हो जाते हैं और भाष्यों के अनुसार ही उनके नाम निर्देश किये जाते हैं। जैसे आचार्य शङ्कर का शांकरभाष्य, आचार्य मध्व का पूर्णप्रज्ञभाष्य, आचार्य रामानुज का श्रीभाष्य, आचार्य वल्लभ का अणुभाष्य, आचार्य निम्बार्क का वेदान्तपारिजात भाष्य। बलदेव विद्याभूषण का गोविन्दभाष्य। अतएव सामान्य रूप से चार प्रकार की श्रुतियाँ मिलती हैं–निर्गुण का प्रतिपादन करने वाली, सगुण का प्रतिपादन करने वाली, अभेदवादिनी तथा भेदवादिनी। निर्गुणप्रतिपादक तथा सगुणप्रतिपादक श्रुतियों में परस्पर विरोध पतीत होता है। इसी प्रकार अभेदवादिनी और भेदवादिनी श्रुतियों में भी विरोध दिखता है। इन श्रुतियों का परस्पर सामञ्जस्य को स्थापित करने का नाम ही रामानुज-वेदान्तदर्शन है।

निर्गुणप्रतिपादक श्रुतियों का तात्पर्य यह है कि परब्रह्म में काम, क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या, द्वेष, राग, शोक, बुभुक्षा, पिपासा, जरा, मृत्यु आदि हेय गुणों का त्याज्य गुण या विशेषण नहीं है, गुण शब्द विशेषणमात्र का द्योतक है चाहे विशेषण सत् हो या असत् अतः वह निर्गुण या निर्विशेष ब्रह्म है।[2]

---

1. क. परविद्यासु अक्षरशिवशमीुपरब्रह्मपरज्योतिपरतत्त्वपरमात्मादिशब्दनिर्दिष्टम् उपास्यं वस्तु इह तैः एव शब्दैः अनूद्य तस्य नारायणत्वं विधीयते। –श्रीभाष्य
   ख. यानि नामानि गौणानि विख्यातानि महात्मनः।
   ऋषिभिः परिगीतानि तानि वक्ष्यानि भूतये।। –विष्णुसहस्रनामस्तोत्रम्, 13.
2. 'निष्कल म्' निष्क्रियं शान्तं निरवद्यं 'निरञ्जनम्'– श्वेताश्वरतरोपनिषद्, 6-19.
   ख. "सदेव सोम्येदमग्रासीदेकमेवाद्वितीयम्" –छान्दोग्योपनिषद्, 6.2.1

सगुणप्रतिपादक श्रुतियाँ वह हैं जो परब्रह्म में ज्ञान बल, ऐश्वर्य, वीर्य, शक्ति, तेज, सौशील्य, मार्दव, आजीव, दया, क्षमा, औदार्य, करुणा, प्रेम, वात्सल्य, सर्वलोकशरण्यत्व, सत्यकामत्व, सत्याङ्कल्पत्व आदि असंख्येय, अनन्तकल्याण-गुणों से युक्त हैं। रामानुजदर्शन में ब्रह्म के स्वरूप को इस प्रकार से निर्धारित किया गया है कि ब्रह्म एकमात्र अनन्त ज्ञानानन्दस्वरूप, समस्त त्याज्य दोषों से सर्वथा शून्य एवं अनन्त कल्याणमय हैं।[2] अद्वैत या अभेद का प्रतिपादन करने वाली श्रुतियाँ हैं-"एकमेवाद्वितीयम्", "नेहनानास्ति किञ्चन", "शान्तं शिवमद्वैतम्"।

तात्पर्य यह है कि चिदचिद्विशिष्ट ब्रह्म को छोड़कर और कुछ भी नहीं है। चित् अर्थात् जीव, अचित् अर्थात् प्रकृति आदि अचेतन पदार्थ ब्रह्म के शरीर हैं और ब्रह्म इनकी आत्मा है। चेतन तथा अचेतन नित्य हैं, उनसे ब्रह्म सर्वदा विशिष्ट रहता है।[1] चेतनाचेतन को ब्रह्म का शरीर श्रुतियाँ ही कहती हैं, जैसे- **'यस्यात्मा शरीरम्' 'यस्य पृथिवी शरीरम्' 'यस्याक्षरं शरीरम्'।**

अतः सकल विश्व ब्रह्म का शरीर होने के कारण ब्रह्म ही कहा जाता है, इसीलिये भगवती श्रुति कहती है कि 'सर्वं खल्विदं ब्रह्म' अर्थात् सबको पृथक् मत समझो; यह सम्पूर्ण-जगत् ब्रह्म है। 'सोऽहमस्मि', 'अहं ब्रह्मासिम', 'तत्त्वमसि' आदि श्रुतियों का भाव भी यही है। शरीर को शरीरी के द्वारा निर्दिष्ट किया है, तथा चेतन एवं अचेतन पदार्थ को ब्रह्म का शरीर माना गया है, इसलिये जीव अपनी पृथक् सत्ता स्थापित नहीं रख पाता; उसे यही कहना पड़ेगा कि मैं ही ब्रह्म हूँ। इस प्रकार अभेदवादिनी श्रुतियों का अर्थ किया जाता है। परन्तु चिदचिद्विशिष्ट ब्रह्म से व्यतिरिक्त कुछ नहीं है, यत्र-तत्र सर्वत्र एकमात्र परमात्मा वही है। ऐसी भावाभिव्यक्ति भेदवादिनी श्रुतियों में है।

'भोक्ता भोग्यं प्रेरितारं च मत्वा'
'नित्योऽनित्यानां चेतनश्चेतनानाम्।'

अतएव चेतन, अचेतन और ब्रह्म- इन तीनों तत्त्वों का पृथक-पृथक् निरूपणमात्र कर देती हैं, जिससे ब्रह्म और उसका शरीर सुविधा से समझा जा सके इन तीनों के सम्बन्ध को 'यस्यात्मा शरीरम्' आदि घटक श्रुतियाँ बतलाती हैं और अभेदवादिनी श्रुतियाँ चेतनाचेतन से विशिष्ट ब्रह्म को बतलाती हैं। अतः द्वैतपरक एवं अद्वैतपरक श्रुतियों का सामञ्जस्य हो जाता है। 'सत्य ज्ञानमनन्तं

1. क. ज्ञानशक्तिबलैश्वर्यवीर्यतेजांस्यशेषत:।
   भगवच्छब्दवाच्यानि विना हेयैर्गुणादिभि:।। -विष्णुपुराण, 6.5.79.
   ख. "विज्ञानमानन्दं ब्रह्म" - बृहदारण्यकोपनिषद्, 3-9-28.
   ग. "सत्यकाम: सत्यसंकल्प:" -छान्दोग्योपनिषद्, 8.1.5.
2. क. समस्तकल्याणगुणात्मकोऽसौ स्वशक्तिलेशावृतभूतवर्ग:।
   इच्छागृहीताभिमतोरुदेहस्सांसाधिताशेषजाद्धितोय:।। -विष्णुपुराण, 6.5.84.
   ख. जन्मस्थितिप्रलयानां क्रमदर्शनात्। वस्तुवृत्तमपि, जन्मनालब्धसत्ताकस्य धर्मिण: स्थितिप्रलयसंभवात्।
   -ब्रह्मसूत्र- 1.1.2.

ब्रह्म' श्रुति ब्रह्मस्वरूप को उपस्थापित करती हैं।

'तत्त्वमसि'इस उपनिषद्-महावाक्य में 'तत्, त्वम्, असि' शब्दत्रय का सम्मिश्रण है। 'तत्' अर्थात् वह परमात्मावाचक शब्द है, 'त्वम्' (तू) वह स्वबोधार्थक शब्द है, 'असि'– यह शब्द हो के अर्थ में है। 'तत्' और त्वम् यह (जीवात्मा तथा परमात्मा) दोनों की एकता का प्रतिपादक है। जहत्-अजहत्-भागत्याग के भेद से लक्षणा तीन प्रकार की होती है। जिसमें कहे हुए को छोड़कर तथा उससे सम्बन्धित दूसरों का ग्रहण किया जाय उसे जहल्लक्षणा कहते हैं, यथा 'गङ्गायां यज्ञदत्तस्तिष्ठति' यहाँ पर गङ्गा को छोड़कर तत्रस्थ गृह का बोध होता है। जिसमें कहे हुए और उससे सम्बन्ध रखने वाले का भी ग्रहण हो, उसे अजहल्लक्षणा कहते हैं, यथा-'काकेभ्यो दधि रक्ष्यताम्'–अर्थात् कौओं से दही की रक्षा कीजिये। यहाँ काकातिरिक्त दधि-विघातक जीवमात्र का भी बोध होता है। भागत्यागलक्षणा उसे कहते हैं, जिसमें उपाधि को छोड़कर सत्यांश का ग्रहण हो, यथा 'अयं मनुष्यः स एव'–यह मनुष्य वही है। इसमें मनुष्यमात्र का ग्रहण होता है भूत और वर्तमानकालिक उपाधि त्याज्य हैं।

अब 'तत्', 'त्वम्', 'असि' में 'सोऽयं देवदत्तः' के समान भागत्यागलाणा की ही प्राप्ति होती है, क्योंकि शुद्ध सत्त्वगुण, और मलिन सत्त्वगुण, इन्हीं उपाधियों से जीवात्मा और परमात्मा के भेद कल्पित हैं। अर्थात् शुद्ध सत्त्वगुण में पड़ा हुआ बिम्ब माया को स्वाधीन करने से हिरण्यगर्भता को प्राप्त होकर जगत् का उपादान कारण है। इसी निमित्त उपादानात्मकता को 'तत् ब्रह्म' कहते हैं। फिर वही बिम्ब जो कि मलिन सत्त्वगुण में पड़ता है, अविद्या के वशीभूत होकर विविध कामनाओं तथा कर्मों से दूषित होने के कारण 'त्वम्' जीव शब्द से व्यवहृत होता है। इन परस्परविरोधिनी शुद्ध सत्त्व और मलिन सत्त्वरूप उपाधियों को छोड़ देने से 'त्वम्' (जीव) तथा तत् (ईश्वर) की एकता होती है। पुनः शब्द सत्त्वगुण उपाधिरहित ईश्वर और मलिन सत्त्वगुण उपाधिरहित जीव का अद्वितीय सच्चिदानन्द परब्रह्म में ही समावेश होता है। इस प्रकार माया और अविद्या-रूपी उपाधि को त्याग करके ही अखण्ड सच्चिदानन्द **'तत्त्वमसि'** इत्यादि वेदान्त-महावाक्य से लक्षित होता है; कि जीवात्मा और परमात्मा का ऐक्य है।

अतएव सगुण-निर्गुण, भेद-अभेद बतलाने वाली श्रुतियों के सामञ्जस्य से यह निष्कर्ष निकलता है कि सत्य, अनन्तज्ञानानन्दैकस्वरूप, अखिलहेयप्रत्यनीक, सकलकल्याणगुणसागर, चिदचिच्छरीरक एक परब्रह्म ही वस्तुतः- तत्त्व है। इससे अतिरिक्त सब मिथ्या है, गुणविशिष्ट सूक्ष्मचिदचिच्छारीरक ब्रह्म कारण है, गुणविशिष्ट स्थूलचिदचिच्छारीरक ब्रह्म कार्य है। इस प्रकार कारण और कार्य में अभेद हुआ है, अतएव दोनों विशिष्टों-सूक्ष्मचिदाचिद्विशिष्ट ब्रह्म और स्थूलचिद-चिद्विशिष्ट ब्रह्म में अद्वैत होने के कारण ब्रह्म को विशिष्टाद्वैत और तत्प्रतिपादक सिद्धान्त को विशिष्टाद्वैत कहते हैं।

श्रीरामानुज-वेदान्तदर्शन का अभिप्राय यह है कि समस्त वेदान्त दर्शनों के सिद्धान्तों को सामने रखते हुये श्रुतिवाक्यों के माध्यम से जीव एवं परमात्मा के सम्बन्ध को सामञ्जस्यपूर्ण स्थापित

करना ही मुख्य सिद्धानत है।[1]

अर्थात् श्रुति में जो निर्गुण स्वरूप के प्रतिपादक वचन हैं, उनका तात्पर्य परमात्मा में हेय त्याज्य गुणों का नित्य निराकरण मात्र है, सगुण स्वरूप के प्रतिपादक वचन अपने मुख्य अर्थ में यही तात्पर्य रखते ळैं; क्योंकि ये ब्रह्म के नित्य कल्याणमय गुणों का ही बखान करते हैं। अद्वैत-श्रुतियाँ चिदचिद्विशिष्ट ब्रह्म से सम्बन्ध रखती हैं अर्थात् चिदचिद्विशिष्ट ब्रह्म से भिन्न दूसरी कोई वस्तु नहीं है। अतः हम यह कह सकते हैं कि "तत्त्वमसि" महावाक्य के विमर्श में विशिष्टाद्वैत वेदान्त का स्पष्ट प्रभाव दिखता है, विशिष्टाद्वैत मत श्रुति-सम्मत है।

1. नित्यं हेयगुणावधूननपरा नैर्गुण्यवादाः श्रुतौ
मुख्यार्थाः सगुणोक्तयः शुभगुणप्रख्यापनाद् ब्रह्मणः।
अद्वैतश्रुतयो विशिष्टविषया निष्कृष्टरूपाश्रया
भेदोक्तिस्तदिहाखिलश्रुतिहितं रामानुजीयं मतम्।।

प्राभाकरमीमांसासम्मत अख्यातिवाद

डॉ. सन्तोष कुमार शुक्ल
ठाकुर शिवलोचन शाण्डिल्य

प्राभारक मीमांसक सभी ज्ञानों को स्वप्रकाश व प्रत्यक्षगम्य मानते हैं। प्राभाकारों के अनुसार सभी ज्ञान परमार्थतः यथार्थज्ञान ही होते हैं। ग्रहण के आधार पर ज्ञान को सत्य व मिथ्या नहीं कहा जा सकता। अतः भ्रम जैसी किसी प्रतीति की वस्तुसत्ता नहीं मानी जा सकती। अवगमन या प्रकाशन के पक्षों के आधार पर समस्त ज्ञान यथार्थ हैं, अयथार्थ विषय को तो ज्ञान ही नहीं हो सकता। इसी आशय से चोदना सूत्र की व्याख्या में भाष्यकार ने कहा है कि ये तो परस्पर विरुद्ध वचन हैं कि ज्ञान भी कराये और स्वयं मिथ्या भी हो।[1] इसी आधारपर प्रभाकर बृहती में कहते हैं कि यह कहना स्वयं में व्याघाती है कि ज्ञान किसी अयथार्थ विषय का ग्रहण करता है।

प्राभाकर मीमांसक कहते हैं कि शुक्तिका में जब हमें रजत का भ्रम होता है और 'इदं रजतम्' ऐसा ज्ञान होता है तब यह वस्तुतः विवेकाग्रह के कारण होता है। इस प्रतीति में शुक्ति का प्रत्यक्ष होता है जो 'इदम्' अंश का वाच्य है तथा पूर्वगृहीत रजत का स्मरण होता है जो 'रजतम्' पद से अवबुद्ध होता है। तिमिरणादि दोषों के कारण इनमें विभेद नहीं कर पाते। इस आंशिक प्रत्यक्ष और आंशिक स्मार्त में भेद न समझ पाना ही विवेकग्रह या विवेकाख्याति है। ये दोनों ही अंश स्वयं में यथार्थ व पृथक-पृथक् हैं परन्तु हमें उनमें भेद की प्रतीति नहीं हो पाती। यह अभेदप्रतीति केवल उन दोनों विषयों के विशेष लक्षणों के बोध न होने से ही नहीं होती है, अपितु तिमिरणादि दोषवशात् हमें शुक्ति में रजत की स्मरणात्मक प्रतीति होने लगती है। जब हम शुक्ति का प्रत्यक्ष करते हैं तो तिमिरण अथवा मन्दप्रकाश आदि के कारण शुक्ति के विशेष गुणों को न देखकर हमें उसी के समान लगने वाले रजत के गुणों की संस्कारजन्या प्रतीति होती है अर्थात् शुक्तिका के प्रत्यक्ष से प्रत्यक्षात्मक प्रतीति व रजतम् के स्मरण से स्मरणात्मक प्रतीति का एक साथ ही 'इदं रजतम्' रूप में विमर्श होने लगता है। यहाँ दोषवशात् संस्कार में स्थित रजत की तत्ता का प्रमोष हो जाता है और दो प्रतीतियों का एक प्रकार से संकरण हो जाता है। यहाँ 'इदम्' अंश से शुक्ति का ग्रहण होता है और 'रजतम्' अंश से रजत का स्मरण। इन दोनों प्रतीतियों में सामानाधिकरण्य भी नहीं माना जा सकता क्योंकि शुक्ति चक्षु का विषय है और रजत मनस् का। अतः ये दोनों ज्ञान भिन्न-भिन्न यथार्थ हैं। ध्यातव्य है कि प्राभाकर मत में अनुभव व स्मृति के भेद से ज्ञान को द्विविध माना गया है।

---

1. नन्वतथाभूतमप्यर्थं ब्रूयाच्चोदना। यथा यत्किञ्चन लौकिकं वचनम्- 'नद्यास्तीरे फलानि सन्ति' इति। तत् तथ्यमपि भवति, वितथमपि भवतीति। उच्यते- विप्रतिषिद्धमिदमुच्यते- ब्रबीति वितथञ्चेति"।
मी.सू.शा.भा., 1/1/2, पृ. 11.

डॉ. जी.पी. भट्ट ने उल्लेख किया है कि प्राभाकर मीमांसा के अख्यातिवाद में 'ख्याति' शब्द ज्ञान का वाचक है, अत: 'अख्याति' का अर्थ है ज्ञान का अभाव है। इस प्रकार ज्ञान और ज्ञान का अभाव एक साथ नहीं रह सकते। अत: सभी प्रतीतियाँ ज्ञानरूप ही होती हैं, भ्रम की ज्ञानरूपता नहीं हो सकती। विवेकाग्रह व तत्ताप्रमोष के कारण हमें शुक्तिका में रजत का भास होता है। हम दो भिन्न-भिन्न ज्ञानों में भेद नहीं करते, अत: हमें भ्रम होता है। इसी कारण इसे विवेकाख्याति कहा जाता है। प्राभाकरों के अनुसार जब शुक्ति में 'इदं रजतम्' यह प्रतीति होती है, तो वहाँ रजत ही होता है, अन्यथा ख्यातिवादियों के समान शुक्ति की विषयता नहीं होती क्योंकि हमें प्रतीति तो रजत की ही हो रही होती है, शुक्ति की नहीं। शुक्ति में रजत की यह प्रतीति ज्ञान के अभाव में होती है, जब विषयभूत शुक्ति का अनुभवात्मक ज्ञान होता है तो वह प्रतीति समाप्त हो जाती है। यहाँ भ्रम का कारण स्मृतिप्रमोष है।[1]

शालिकनाथ मिश्र प्रकरणपञ्चिका के नयवीथी नामक तृतीय प्रकरण में प्राभाकराभिमत अख्यातिवाद की उपस्थापना करते हैं। सर्वप्रथम प्रकरणार्थ प्रतिज्ञा करते हुए शालिकनाथ मिश्र कहते हैं कि प्रभाकर गुरु के मत की सम्यक् व्याख्या करते हुए वे सभी ज्ञानों का याथार्थ्य सिद्ध करने जा रहे हैं :

---

1. "Prabhākara as a straunch believer in the Mīmāṁsā doctrine of self-validity of knowledge reduces all error and doubt to simply an absence of knowledge. He asserts that all experience is valid. It is strange indeed how cognition can apprehend an object and yet be invalid. Now if apprehension is valid, whence do we have the distinction of valid and invalid knowledge? Prabhākara says that so far as the element of apprehension is concerned all the so-called invalid cognitions are valid, while the element that is invalid is no apprehension at all. An illusion is not a unitary cognition but a composite of two cognitions whose distinction is not apprehended. Illusion is not a positive misapprehension but a negative non-apprehension. When we fall a victim to illusion and are misguided by it, the error of our part is not an error of commission but an error of omission. The error occurs not because we misapprehend reality but becaue we fail to apprehend and thus we mis our relevant feature of reality.
Prabhākara's theory of illusion is called *akhyātivāda* beause it interprets illusion as the absence of *khyāti* or knowledge. Prabhākara like the Advaitin holds that the object of cognition is that alone which is manifested by it. In the illusion this is silver what is manifested is the silvr; so its object is the silver and not the nacre as the *viparītokhyātivādin* says. Thus the theory that it mainfests an object, the nacre, as a different object, the silver, is disproved by experience."
—Bhatt, G.P., *The basic ways of knowing,* pp. 103-104.

यथार्थं सर्वमेवेह विज्ञानमिति सिद्धये।
प्रभाकरगुरोर्भावः समीचीनः प्रकाश्यते।।[1]

न्यायसिद्धिकार का कहना है कि सर्वज्ञानयाथार्थ्य की सिद्धि से चोदनाप्रामाण्य की भी स्वतः सिद्धि हो जायेगी क्योंकि उपदेश भी ज्ञानविशेष है, यदि ज्ञानसामान्य का याथार्थ्यरूप सिद्ध कर दिया जाये तो उपदेशरूप विशेषज्ञान के याथार्थ्य की भी सिद्धि हो जायेगी। प्रतिज्ञानन्तर प्रकरणपञ्चिकाकार पूर्वपक्षियों के आक्षेपों का सविस्तर निबन्धन करने के पश्चात् सिद्धान्त पक्ष की स्थापना करते हुए सर्वज्ञानयाथार्थ्य की सिद्धि का उपक्रम करते हैं।

शालिकनाथ मिश्र कहते हैं कि ज्ञान का विषय अथवा ज्ञेय वही होती है जो उस ज्ञान में भासित हो। अर्थात् जो अर्थ उस ज्ञान द्वारा प्रकाशित हो वही उस ज्ञान का विषय है, अन्य कोई अर्थ उस ज्ञान का विषय नहीं होता :

अत्र ब्रूमो- य एवार्थो यस्यां संविदि भासते।
वेद्यः स एव नान्यद्धि विद्याद्वेद्यस्य लक्षणम्।।[2]

न्यायसिद्धिकार इसकी व्याख्या करते हुए कहते हैं कि जिस ज्ञान में जो अर्थ भासित होता है वही उस ज्ञान का विषय होता है। प्रकाशन ही अर्थ का प्रतीतिविषयत्व है। ज्ञान में सहावभासमानत्व ही वेद्यत्व अथवा विषयत्व का लक्षण है।[3] अतः 'इदं रजतम्' इस ज्ञान में रजत का ही विषयत्व सुनिश्चित होता है, न कि शुक्ति काः—

इदं रजतमित्यत्र रजतञ्चाऽवभासते।
तदेव तेन वेद्यं स्यान्न तु शुक्तिरवेदनात्।।[4]

प्रकरणपञ्चिकाकार कहते हैं कि चूँकि जो अर्थ जिस ज्ञान में प्रकाशित होता है वही उस ज्ञान का विषय होता है अतः एक अर्थ की दूसरे अर्थ में रूप में अन्यथाप्रतीति का तो प्रश्न ही नहीं उठता।[5] यह अनुभव के भी विरुद्ध है। हमें घट में घट की ही प्रतीति होती है, पट की नहीं। अतः अन्यथाख्यातिवादियों का पक्ष तो इसी से खण्डित हो जाता है।

---

1. प्रकरणपञ्चिका, 3/1
2. वही, 3/23
3. "सर्वज्ञानानां विषयाव्यभिचारित्वं साधयितुं सिद्धान्ती स्वमतेन विषयलक्षणमाह—य एवमिति। यस्यां संविदि सत्यां य एवार्थो भासते सोऽर्थ एव तस्यास्संविदो विषयः। भासनमेव ह्यर्थस्य प्रतीतिविषयत्वम्, भासनमपि स्वव्यवहारागनुगुणायाः प्रतीतेरात्मनि वर्तनम्। ..... तेन वेद्यत्वं विषयत्वमालम्बनत्वमित्यवभासमानत्वमेवेति द्रष्टव्यम्"।
प्रकरणपञ्चिका, 3/23 पर न्यायसिद्धि टीका, पृ. 48 49.
4. प्रकरणपञ्चिका, 3/24.
5. तेनान्यस्यान्यथाभानं प्रतीत्यैव पराहतम्।
परस्मिन् भासमाने हि न परं भासते यतः।। वही, 3/25.

अब अख्याति का निरूपण करते हुए प्रकरणपञ्चिकाकार कहते हैं कि 'इदं रजतम्' इस ज्ञान में दो अंश हैं–'इदमंश' व 'रजतांश'। ये दो अंश दो भिन्न-भिन्न प्रकार की प्रतीतियाँ हैं। परन्तु शुक्ति को रजत से अलग करने वाले विशेषों अर्थात् भेदक हेतुओं का हम तिमिरणादि दोषों के कारण ग्रहण नहीं कर पाते अपितु दोनों की सामान्यरूपता का ही ग्रहण करते हैं :

नन्वेवं रजताभासः कथमेष घटिष्यति।
उच्यते- शुक्तिशकलं गृहीतं भेदवर्जितम्।।

शुक्तिकाया विशेषा ये रजताद् भेदहेतवः।
ते न ज्ञाता अभिभवाद् ज्ञाता सामान्यरूपता।।[1]

हम शुक्ति का प्रत्यक्ष करते हैं, इसका विमर्श 'इदम्' पूर्वक होता है और हमारी स्मृति में जो रजत का प्रकाशन होता है वह चूँकि अतीत का होता है अतः उसका विमर्श 'तत्' पूर्वक होता है। परन्तु शुक्ति के विशेषरूप का ग्रहण न हो पाने पर व तिमिरणादि के कारण सामान्यरूप का ही ग्रहण करने पर शुक्ति के प्रत्यक्ष के पश्चात् हमें रजत का स्मरण होता है और मनोदोष के कारण जब रजत की तत्ता का प्रमोष हो जाता है अर्थात् रजत के तदंश का परामर्श नहीं हो पाता है एवं साधारणधर्म के परामर्श से रजत तथा शुक्ति में सादृश्य के आधार पर शुक्ति में रजताभास हो जाता है :–

अनन्तरञ्च रजते स्मृतिजाता तथापि च।
मनोदोषात् तदित्यंशपरामर्शविवर्जितम्।।

रजतं विषयीकृत्य नैव शुक्तेर्विवेचितम्।
स्मृत्याऽतो रजताभास उपपन्नो भविष्यति।।[2]

इसकी व्याख्या करते हुए डॉ. के.टी. पाण्डुरङ्गी कहते हैं कि यद्यपि 'इदम्' तथा 'रजतम्' ये दो ज्ञानांश एक दसूरे से पृथक् व विशिष्ट हैं व इनके विषय भी भिन्न हैं तथापि इनकी व इनके विषयों की विशिष्टता व पृथक्ता को न समझते हुए दोषवशात् 'इदं रजतम्' यह प्रयोग किया जाता है। इस प्रकार के प्रयोग के निम्नलिखित कारण हो सकते हैं :–

1. प्रत्यक्षतः गृहीत शुक्ति के विशिष्ट धर्मों का ग्रहण न करके बस इनके सामान्य धर्म का ग्रहण।

2. शुक्ति के रजत से सादृश्य के आधार पर रजत का स्मरण।

3. रजत के स्मरण में पूर्व काल के परामर्श का अभाव।

4. शुक्ति के 'इदम्' के रूप में ग्रहण व रजत के स्मरण का अत्यधिक क्षिप्रता से घटित होना।

---

1. वही, 3/26-27.
2. वही, 3/28-29.

उपर्युक्त कारणों से हमें इन दो ज्ञानों व उनके विषयों की विशिष्टता की अवगमन नहीं हो पाता और हम शुक्ति में 'इदं रजतम्' वाक्य व्यवहार कर बैठते हैं। बाद में अनुभव के द्वारा हमें पता लगता है कि जिसे रजत समझ रहे थे वंह तो शुक्तिका है। परन्तु 'इदं रजतम्' में जो दो ज्ञानांश ग्रहण स्मरणरूप प्रतीतियाँ हैं, प्राभाकर मत में उन दोनों की यथार्थता बतायी गयी है, ये भ्रम अथवा मिथ्याप्रतीतियाँ नहीं हैं। इनमें भेद न समझ पाने को 'विवेकाग्रह' व रजतस्मृति में अतीत के परामर्श के अभाव अथवा लोप को तत्ताप्रमेष कहा जाता है।[1]

यहाँ अन्यथाख्यातिवादी आक्षेप करते हुए कहते हैं कि रजत के स्मरण में जब अतीत का परामर्श है ही नहीं तो फिर उसे स्मृति कैसे कह सकते हैं? स्मरण के लिये तो परामर्श का होना आवश्यक है और आप(प्राभाकारों) के अनुसार तो यहाँ परामर्श का ही लोप हो जाता है, तो रजत की प्रतीति स्मरणात्मिका कैसे सिद्ध होगी? पूर्वपक्षी कहते हैं इसे स्मृतिरूप न मानकर धारावाहिकज्ञानरूप माना जा सकता है। पुनः पूर्वपक्षी कहते हैं कि आपने जो यह कहा है कि शुक्ति का प्रत्यक्षतः ग्रहण होता है और रजत का स्मरण होता है तथा इनके विवेकाग्रह निबन्धन से यह 'इदं रजतम्' वाक्यव्यवहार होता है, वह भी अयुक्त है। क्योंकि 'इदम्' और 'रजतम्' का सामानाधिकरण्यरूप प्रयोग होता है, वह भी अयुक्त है। क्योंकि 'इदम्' और 'रजतम्' का सामानाधिकरण्यरूप प्रयोग होता है अतः दोनों को एक ही विषय का वाचक होना चाहिये। हम देखते हैं कि 'इदम्' अंश से अपरोक्ष पुरोवर्ती अर्थ का निर्देश होता है अतः 'रजत' से भी कोई प्रत्यक्षभूत अर्थ ही निर्दिष्ट होना चाहिये।

---

1. "Though the two pieces of knowledge viz. *dom* and *rajatam* are true and distinct, an erroneous statement is made as *idam rajatam* due to the non-realization of the difference between the two cognitions and their objects. For the non-realization of the difference of these the following factors are responsible. (i) The absence of the comprehension of the distinct features of *Śukti* and its comprehension merely as *idam* in a general way. (ii) Remembering of *rajata* on account of the similarity between *Śukti* and *rajata,* (iii) Absence of the refernece to the past time in the memory of *rajata*. (iv) Occurrence of the perception of the *Śukti* as *idom* and the memory of *rajata* in quick succession. These circumstances lead to the non-realization of the distinction between the two cognitions and their objects. This leads to the statement i.e., *vyavahāra idam rajatām*. It is this statement that is *bhrama*. It is this that is repudiated later. The fact of the cognition of *Śukti* in general way as *idam* or the memory of *rajata* are not repudiated. The non-realization of the distinction is termed as *vivekāgraha* and the absence of the reference to the past time in the memory is termed as *tattā* promoṣo *Tattā* means reference to the past time and *pramosa* means the deletion of it. In the memory of *rajata* the reference of the past time is deleted".

"Pandurangi, K.T., *Prakaraṇapañcikā*" *of Śālikanātha,* pp. 35-36.

इस प्रकार 'रजत' अंश से कोई स्मरणात्मिका प्रतीति की बात नहीं मानी जा सकती। अतः यही सिद्ध होता है कि शुक्तिका में रजताभास भ्रान्त प्रतीति है। इस प्रकार सभी ज्ञानों को यथार्थ नहीं माना जा सकता है।[1] इस आक्षेप के उत्तर में प्रकरणपञ्चिकाकार रजतज्ञान के स्मरणस्वरूप होने की सिद्धि करते हुए कहते हैं कि रजत के ज्ञान को प्रत्यक्ष, अनुमिति या स्मृतिभिन्न अनुभव की किसी कोटि में नहीं रखा जा सकता। इसे प्रत्यक्ष इसलिये नहीं कहा जा सकता, क्योंकि रजत वर्तमान में सन्निहित नहीं है। पुनः इसे अनुमिति भी नहीं कहा जा सकता, क्योंकि रजत के अनुमान का हेतु अर्थात् लिङ्ग उपलब्ध नहीं है। अतः परिशेषानुमान से इसे स्मृतिरूप ही मानना चाहिये। रजतत्व की प्रतीति को धारावाहिकज्ञान के समान भी नहीं माना जा सकता क्योंकि धारावाहिक ज्ञान में इन्द्रियों को प्रत्येक ज्ञान का अनुभव होता है जिससे ज्ञान की एक शृंखला का निर्माण होता है। यहाँ तक कि रजत का इन्द्रियों से सम्पर्क है ही नहीं।[2]

इसकी व्याख्या करते हुए न्यायसिद्धिकार कहते हैं कि पूर्वकाल में दृष्ट रजत के दर्शन से उद्भूत संस्कारों से जन्य होने के कारण रजत की प्रतीति स्मरणात्मिका ही होती है। पुनः धारावाहिक ज्ञानों में तो स्मृतिप्रमोष की कल्पना इसलिये नहीं की जा सकती क्योंकि धारावाहिकज्ञान के स्थल पर पूर्वज्ञान के समान ही उत्तरज्ञान अनुभूतिपूर्वक होते हैं अर्थात् इन्द्रियानुभवजन्य होते हैं। यहाँ रजत की प्रतीति में ऐसा नहीं होता। धारावाहिकज्ञान स्मरण से पृथक् होता है।[3]

---

1. अनुभूतेऽपि विषये तत्परामर्शवर्जितम्।
न बोधं स्मृतिमिच्छन्ति धारावाहिकबोधवत्।।
अपरोक्षपुरोवर्तिसामानाधिकरण्यतः।
नेयं स्मृतिः किन्तु शुक्तौ भ्रान्तोऽयं रजतग्रहः।। —प्रकरणपञ्चिका, 3/17 18.

2. धारावाहिकवन्नेयं स्मृतिरित्युदितञ्च यत्।
उच्यतेऽन्यगतितः स्मृतिरत्राऽवगम्यते।।
नह्यसन्निहितं तावत् प्रत्यक्षं रजतं भवेत्।
लिङ्गाद्यभावाच्चान्यस्य प्रमाणस्य न गोचरः।।
परिशेषात् स्मृतिरिति निश्चयो जायते ततः।
तस्याः कारणसद्भावात्, धारावाहिकधीषु तु।।
प्रत्युत्पन्नेन्द्रियग्रामसामग्रीग्रहकारणम्।
ग्रहणस्मरणे चेमे विवेकानवभासिनी।। —वही, 3/30 33.

3. "ननु प्रत्यक्षादिप्रमाणज्ञानत्वासंभवे सति नावश्यं स्मृतित्वमेवाऽङ्गीकार्यम्, भ्रमत्वेनाप्युपपत्तेरित्यत्राह-- तस्याः-- कारणसद्भावादिति। स्मृतिकारणभूतसदृशदर्शनोद्भूतसंस्कारजन्यत्वसंभवात्स्मरणमेव। एतदुक्तं भवति ज्ञानविशेष एव स्मृतिः स्वकरणैः दोषसहायैर्जन्यममानो ज्ञानमात्रप्रतिबद्धव्यवहारानुकूलस्वभावो जन्यते, न तु विशेषप्रतिबद्धव्यवहारानुकूलस्वभाव इति तत्तानवभासाद्भवति स्मृतिप्रमोषतेति।
ननु तर्हि धारावाहिकज्ञानेष्वपि स्मृतिप्रमोषत्वमेवेत्यत्राह – धारावाहिकधीष्विति। धारावाहिकादौ पूर्वज्ञानबदुत्तरज्ञानेप्यनुभवकारणसद्भावात्स्मृतिप्रमोषता न कल्प्येति।"
प्रकरणपञ्चिका पर न्यायसिद्धि टीका, पृ. 50 51.

अन्यथाख्यातिवादियों का दूसरा आक्षेप यह है कि अख्यातिवाद के माध्यम से पुरुष प्रवृत्ति की सम्यक् व्याख्या नहीं हो पायेगी। जैसा कि प्राभाकारों का मत है कि शुक्ति में 'इदं रजतम्' की प्रतीति ग्रहण व स्मरणरूप दो भिन्न-भिन्न ज्ञानों में विवेक न कर पाने के कारण होती है, लेकिन इससे व्यक्ति रजत के आनयन आदि व्यापार में प्रवृत्त नहीं हो सकता। प्रवृत्ति की व्याख्या तो तभी हो सकती है जब व्यक्ति का शुक्तिका को रजत के समान ही समझे ओर ऐसा 'इदम्' व 'रजतम्' के सामानाधिकरण्य की प्रतीति से ही संभव है। अख्यातिवादी ऐसे सामानाधिकरण्य की प्रतीति नहीं मानते अतः उनके मत से इस स्थ में प्रवृत्ति की व्याख्या संभव नहीं है।[1]

इसका उत्तर देते हुए शालिकनाथ मिश्र कहते हैं कि शुक्तिका में जब 'इदं रजतम्' का ज्ञान होता है तो हमें न केवल दो ज्ञानों व उनमें प्रकाशित अर्थों में पारस्परिक भेद का विवेक नहीं होता बल्कि वास्तविक रजत के ज्ञान से भी इन ज्ञानों का भेद अभिज्ञात नहीं हो पाता है। ऐसा इसलिये होता है कि इन दो ज्ञानों में से एक प्रत्यक्षात्मक होता है और वास्तविक रजतज्ञान का विषय रजत भी इन दो प्रतीतियों में से एक का विषय होता है। इन दोनों ज्ञानों की त्वरित प्रतीति में बोद्धा को भेद प्रतीति नहीं हो पाती। वस्तुतः यहाँ प्रवृत्ति सामानाधिकरण्य के कारण नहीं अपितु समानरूपता के कारण होती है :

सम्यग्रजतबोधात्तु भिन्ने यद्यपि तत्त्वतः।
तथापि भिन्ने नाभातो भेदाग्रहसमत्वतः॥

सम्यग्रजतबोधश्च समक्षैकार्थगोचरः।
ततो भिन्ने अबुध्वा तु स्मरणग्रहणे इमे॥

समानेनैव रूपेण केवलं मन्यते जनः।
अपरोक्षार्थबोधेन समानार्थग्रहणेन च॥[2]

अख्यातिवाद पर तृतीय आक्षेप लगाते हुए अन्यथाख्यातिवादी कहते हैं कि यदि शुक्तिका में 'इदं रजतम्' का ज्ञान यथार्थ ही है तो जब हम उस शुक्तिका का अनुभव करते हैं तब जो हमें 'नेदं रजतम्' का बोध होता है, वहाँ बाध किसका होगा? यथार्थ ज्ञान का तो बाधक ज्ञान उत्पन्न नहीं होता है, यहाँ बाधानुभूति के कारण यह यथार्थज्ञान नहीं माना जा सकता है।[3]

1. रजत्वं न शुक्तेश्च रजतस्य न शुक्तिता।
तयोरन्योन्यभिन्नत्वं प्रत्यक्षेणाबधारितम्॥
अथेयं रजतत्वेन न शुक्तिमवलम्बते।
सामानाधिकरण्येन प्रतपत्तिर्विरुध्यते॥
रूप्यार्थिनः प्रवृत्तिश्च शुक्तौ स्यान्निर्निबन्धना।
अग्रहोऽपि न भेदस्य प्रवृत्तौ कारणं यतः॥ —प्रकरणपञ्चिका, 3/9 11.
2. वही, 34-36.
3. यथार्थदर्शनत्वे च बाधकोऽपि न युज्यते।
अज्ञातभेदग्रहणैः न बाधकमतिर्भवेत्॥ —वही, 3/7.

प्रकरणपञ्चिकाकार इसका समाधान प्रस्तुत करते हुए कहते हैं कि जब अनुभव के पश्चात् 'इदम्' के वाच्यार्थ शुक्ति का और उससे भिन्न रजत की तत्ता का विवेक हो जाता है तो ज्ञाता शुक्ति का सम्यक् ज्ञान प्राप्त कर लेता है। इससे शुक्तिका में 'इदं रजतम्' इस व्यवहार की निवृत्ति हो जाती है। इस प्रकार यहाँ रजतव्यवहार का बाध होता है :–

रजतव्यवहारांशे विसंवादयतो नरान्।
बाधकप्रत्ययस्यापि बाधकत्वमतो मतम्।।
प्रसज्यमानरजतव्यवहारनिवारणात्।।[1]

इसकी व्याख्या करते हुए न्यायसिद्धिकार ने कहा है कि *"इयं शुक्तिकेति स्वरूपज्ञानस्य स्वविषयविरुद्धरजतोचितव्यवहारनिवारणरूपत्वाद्बाधकताप्युपपन्ना"*।[2] अतः 'नेदं रजतम्' की अनुभूति होने पर न तो विषय का बाध होता है और न ही ज्ञान का, अपितु विवेकाग्रह द्वारा प्रवर्तित व्यवहार का बाध होता है।

इस प्रकार अख्यातिवाद के आधार पर व्यवहार, प्रवृत्ति व बाध की पूर्वोत्तरपक्षपूर्वक व्याख्या करने के पश्चात् प्रकरणपञ्चिकाकार स्वाप्नप्रतीति, संशय आदि अन्य सभी ज्ञानों की यथार्थता बताते हैं। शालिकनाथ कहते हैं कि स्वप्न में हमें उन्हीं अर्थों की प्रतीति होती है जिनका हमने कभी पूर्व में अनुभ्व किया हो। स्वप्न में इस पूर्वानुभूति का बोध नहीं हो पाता अतः ऐसा लगता है कि स्वाप्न प्रत्यय अननुभूत है, जबकि हम उनका स्मरणमात्र करते हैं। ये स्मरण अदृष्ट द्वारा उद्भूत संस्कारों के कारण होते हैं। अनुभूतार्थों के ही पुनर्स्मारणपूर्वक होने के कारण स्वाप्नप्रत्यय भी यथार्थ हैं :–

एवं स्वप्नेऽपि वस्तूनि स्मर्यमाणानि सन्त्यपि।
अनुभूतांशमोषेण भासन्ते गृह्यमाणवत्।।
ग्रहणस्य विशेषो हि गृहीतग्रहणं स्मृतिः।
सा ग्रहीतांशमोषेण गृहीतिरिव तिष्ठति।।

संस्कारोद्बोधहेतुश्च तत्राऽदृष्टं प्रकल्प्यते।
विपरीतख्यातिपक्षेऽप्येषा तुल्या हि कल्पना।।[3]

इसी प्रकार संशय को भी यथार्थ ज्ञान बताते हुए शालिकनाथ मिश्र कहते हैं कि संशय में दो स्मृतियाँ सन्निहित होती हैं, ये दो अलग-अलग वस्तुओं की स्मृतियाँ होती हैं। उन दोनों वस्तुओं के साधारण धर्मों के किसी एक वस्तु में सन्निहित होने पर हमें उस वस्तु के विषय में संशय होता है।[20]

---

1. प्रकरणपञ्चिका पर न्यायसिद्धि टीका, पृ. 53.
2. प्रकरणपञ्चिका, 44-46.
3. "यौ हि धर्मौ संशय्येते तयोरेकमिदं ज्ञानं नोदीयते, किन्तु द्वे एते विज्ञाने विशेषणस्मरणे। तयोश्च विशेषणयोरेकस्यापि तस्मिन् धर्मिणि निश्चयो नास्तीत्येकान्ततो व्यवहारं प्रतिपत्ता प्रवर्तयितुमशक्नुवन् संशेत इव भवतीति, भवति संशयव्यवहारः"। वही, पृ. 121.

यहाँ दो स्मृतिरूप ज्ञानों में भेद न समझने के कारण ही संशयव्यवहार होता है। उदाहरणार्थ किसी लम्बे वस्तु को देखकर प्रतिपत्ता को स्थाणु का और पुरुष का भिन्न-भिन्न स्मरण होता है और तत्पश्चात् उन स्मरणों में भेदाग्रह के कारण उसको संशय होता है कि "यह स्थाणु है अथवा पुरुष"।

यहाँ पूर्वपक्षी आपेक्ष करते हैं कि यदि दो स्मृतियाँ हैं तो फिर "*सः स्थाणुः स पुरुषः*" इस प्रकार का व्यवहार होना चाहिये न कि "*स्थाणुर्वा पुरुषो वा*" इस प्रकार का। इसका समाधान करते हुए सिद्धान्ती कहते हैं कि यहाँ दो स्मृतियाँ ही हैं परन्तु स्मृतिप्रमोष के कारण ऐसा व्यवहार होता है।[1] शालिकनाथ मिश्र कहते हैं कि स्थाणु व पुरुष दोनों चूँकि इन दोनों के स्मरण में अर्थभूत अतः ज्ञान का भी यथार्थ्य सिद्ध होता है :

स्थाणुर्वा पुरुषो वेति सन्देहेऽपि यदा द्वयम्।
स्मर्यतेऽन्योन्यनिर्मुक्तं तदाऽर्थविरहः कुतः।।[2]

सभी ज्ञान व्यवहारप्रवर्तक होने के कारण यथार्थ हैं, परन्तु व्यवहारविसम्वाद होने पर यथार्थज्ञान को भी भ्रान्त कह दिया जाता है। जहाँ व्यवहारविसम्वाद नहीं होता उस ज्ञान को भ्रान्त नहीं कहा जाता, अर्थात् रजतार्थी को यदि रजत की प्राप्ति हो जाये तो वह अभ्रान्त ज्ञान कहलाता है लेकिन यदि शुक्तिका की प्राप्ति हो तो यह व्यवहारविसम्वाद होने से भ्रान्तप्रत्यय कहलाता है; तथापि ज्ञान की यथार्थता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता क्योंकि वह सविषय तो होता ही है, अर्थात् अर्थ का प्रकाशक तो होता ही है। शालिकनाथ कहते हैं कि 'पीतः शङ्खः' इस प्रत्यय को भी अप्रमाण नहीं कहा जा सकता। यहाँ पीतिमा और शङ्खस्वरूप दोनों का अलग-अलग अनुभव होता है, विवेकाग्रहवशात् हम उसे एकप्रतीति मान लेते हैं। इसी प्रकार 'उष्णं जलम्' में भी अग्नि के औष्ण्य व जल की सहानुभूति होने लगती है, इसे अप्रमाण नहीं कहा जा सकता क्योंकि उष्ण जल का व्यवहार तो लोकसिद्ध है। उष्णोदक के ज्ञान को तो पीतशङ्ख के समान भ्रान्त भी नहीं माना जा सकता, क्योंकि वातादि रोगों के उपचार हेतु हम उष्ण जल का प्रयोग करते हैं अतः इसे भ्रान्त मानने से लोकविरोध प्रसक्त होगा।[3] अतः सभी ज्ञान यथार्थ ही होते हैं।

---

1. ननु स्मृतिद्वयपक्षे सः स्थाणुः स पुरुषः इति स्यात् न तु स्थाणुर्वा पुरुषो वेति। मैवं स्मृतिप्रमोषात्"।
—प्रकरणपञ्चिका पर न्यायसिद्धि टीका, पृ. 121.

2. प्रकरणपञ्चिका, 3/65.

3. "यद्यनुभूतिमात्रं प्रमाणं, यतो रजतमिदमिति यद् भ्रान्तविज्ञानं, तदपि प्रमाणं स्यात्। अत्रोच्यते। रजतमिदमिति नेदमेकं विज्ञानम्, किन्तु द्वे एते विज्ञाने ग्रहणस्मरणरूपे। तत्र रजतमिति स्मरणं तस्यानुभवरूपत्वाभावान्न प्रामाण्यप्रसङ्गः। इदमिति विज्ञानमनुभवरूपं प्रमाणमिष्यत एव। भ्रान्तिभूतमित्यास्थिषतः, तेऽपि बाधकप्रत्ययाधीनं मिथ्यात्वमभ्युपगच्छन्तो नेदसंशस्य मिथ्याभावं वदितुमीशते, तत्र बाधकप्रत्ययाभावात्। बाधकप्रत्ययदशायामपीदमंशस्यानुवृत्तेः। एकमपि विज्ञानमर्थावच्छेदसमाथिभेदं प्रमाणमप्रमाणं च युक्तमेव। पीतशङ्खादिज्ञानं तर्हि प्रमाणं प्रसक्तम्। तत्र हि पीतिमा शङ्खस्वरूपञ्च द्वयमनुभूयत एव। नयनगतपितद्रव्यवर्ती हि पीतिमाप्यनुभूयत एवेति नयवीथ्यां निपुणतरमुपपादितम्। शङ्खस्वरूपे चानुभूतिरविसंवादैव। नायं दोषः। को नाम पीतशङ्खज्ञानमप्रमाणमाह, प्रमाणमेव हि तद्, यथार्थविषयत्वात्। विज्ञानद्वयन्त्वेतदेकविज्ञानसाधारणरूपम्, तत्रैकविज्ञानसाधारणरूपावमर्शादेकविज्ञानसदृशव्यवहारप्रकवर्तकतया व्यवहारदशायां विसम्वादाभावात् प्रमाणमपि सद्भ्रान्तमित्युच्यते। यत्र तु व्यवहारविसम्वादो नास्ति, तत्र भ्रान्तिरपि न

इसी प्रकार 'तिक्तो गुडः', 'द्विचन्द्रः' आदि प्रयोगों में भी विवेकाग्रह ही कारण है। हम अपने भिन्न-भिन्न ज्ञानों के बीच अन्तर न समझ पाने के कारण ऐसा प्रयोग करते हैं। यहाँ दो ज्ञानों में से एक ग्रहण व दूसरा स्मरण हो सकता है अथवा दोनों ग्रहण हो सकते हैं अथवा दोनों स्मरण भी हो सकते हैं। सभी स्थलों पर ज्ञान की यथार्थता सिद्ध होती है, इनका बाधक ज्ञान उत्पन्न नहीं होता। बाध केवल विवेकाग्रह का होता है। शालिकनाथ कहते हैं कि इन्हीं उदाहरणों के समान दूसरे सभी स्थलों पर ज्ञान की यथार्थता समझनी चाहिये :

अनेनैव प्रकारेण सर्वभ्रान्तिषु पण्डितैः।
ऊहनीया हेतुभेदाः यथार्थज्ञानसिद्धये।।[1]

अख्यातिवाद के माध्यम से प्राभाकर अपने सैद्धान्तिक वस्तुवाद की सम्पुष्टि करते हैं। वे कहते हैं कि कोई भी ज्ञान अयथार्थ नहीं हो सकता, क्योंकि ज्ञान अनिवार्यतया अर्थ का प्रकाशन होता है और बिना अपने विषय को प्रकाशित किये स्वयं प्रकाशित नहीं होता। स्मरणात्मक ज्ञान अप्रमाण होने के कारण भ्रान्त हो सकते हैं लेनि अनुभूत प्रत्यय चूँकि प्रमाण होते हैं अतः भ्रान्त कदापि नहीं माना जा सकता, वहाँ विवेकज्ञान का अभाव मानना चाहिये, इसे ही अख्याति कहा गया है।

व्यपदिश्यते। यथोष्णजलज्ञाने। तत्रापि न जलगतौष्ण्यमनुभूयते, किन्तु वन्ह्यवयवगतमेव। जलगतस्यौष्ण्यस्य च वन्ह्यसंयोगेनोत्पादनानभ्युपगमात्। पाकजो हि गुणः पाकान्तरेणैव निवर्तते। जलगतस्यौष्ण्यानपेक्षितपाकस्यैवाग्निसंयोगविच्छेदेनैव निवृत्तिः। चत्वारो हि तत्र तेजोऽवयवाः सञ्चारितास्तेष्वन्यत्र गतेष्वपरतेजोऽवयवसञ्चरणविच्छेदे युक्तेवाऽपाकजत्वे पाकान्तरानपेक्षा औष्ण्यस्य निवृत्तिरिति, न पीतशङ्खादिज्ञानतुल्यत्वमुष्णजलज्ञानस्य। तस्मात् पीतशङ्खादिज्ञानं प्रमाणमेव भ्रान्तञ्चेत्यनवद्यम्। यस्तु विपरीतख्यातिवादी उष्णजलज्ञानप्रमाणं भ्रान्तञ्चाह, तस्य सर्वलोकविरोधः"।
वही, पृ. 126, 128.

1. वही, 3/64.

आवासीय भवन में कक्ष निर्माण विषयक वास्तुशास्त्रीय चिन्तन

डॉ. सुभाष चन्द्र मिश्र

वैदिक काल से ही ज्योतिशास्त्र अतिपुरातन परम्परा में मानव के विविध पक्षों पर अतिसूक्ष्मता से विचार करता आ रहा है, जिस क्रम से मानव का विकास हुआ उसी क्रम से विविध रूपों में इस चमत्कारी विद्या का विकास हुआ। जैसे- जीवन में आने वाली प्राकृतिक आपदाओं, घटनाओं तथा होने वाली बिमारियों, बाधा रहित गृहों के भूमिगत पदार्थों के ज्ञान आदि का उपयोग। ज्योतिषशास्त्र के संहिता भाग में वास्तुशास्त्र का वर्णन विस्तृत रूप से किया गया है। वास्तुशास्त्र पुरुषार्थ चतुष्ट्य की प्राप्ति का महत्त्वपूर्ण अंग है। शास्त्र का निर्देश है कि प्रत्येक व्यक्ति का अपना घर होना चाहिए, क्योंकि घर के बिना श्रौत, स्मार्त आदि कार्य पूर्ण रूपेण अपना फल गृहस्थ को प्रदान नहीं करते हैं। जैसा भविष्यपुराण में कहा गया है-

गृहस्थस्य क्रियाः सर्वाः न सिद्ध्यन्ति गृहं विना।
यतस्तस्माद् गृहारम्भ प्रवेशसमयौ ब्रुवे॥

परगेहे कृताः सर्वाः श्रौतस्मार्तक्रियाः शुभाः।
न सिद्ध्यन्ति यतस्माद् भूमीशः फलमश्नुते॥[2]

वेद-पुरुष के 6 अंगों में ज्योतिशास्त्र को नेत्र माना गया है। वेदपुरुष भगवान शंकर के तीन नेत्रस्वरूप ज्योतिषशास्त्र के तीन भाग हैं, जिसको क्रमशः सिद्धान्त, संहिता, होरा शास्त्र कहते हैं। त्रिस्कन्धात्मक दिक्साधन, राजवल्लभ वास्तुशास्त्र के अनुसार-

जिस दिशा में मेष एवं तुला राशि में सूर्योदय हो तथा श्रवण व कृतिका नक्षत्र का उदय हो उसे पूर्व दिशा जानना चाहिये चित्रा एवं स्वाती नक्षत्र मध्यम में हो तो भी पूर्व दिशा होती है। इस दिशा में आवास, महल या नगर बसाना चाहिए, जिससे आयुष्य तथा धन की अभिवृद्धि हो।

सभी प्रामाणिक शास्त्रों का मूल वेद है। इसी क्रम में ''कात्यायनचरणव्यूह'' के अनुसार ''स्थापत्य'' अथर्ववेद के उपवेद के रूप में प्रतिष्ठित है, जो विश्व की समस्त कलाओं का अद्यम है। इस कला के अधिष्ठाता देव ''विश्वकर्मा जी'' हैं।

---

1. वास्तुसौख्यम्- 1/7, 8/एवं बृहद्वास्तुमाला, गृहारम्भ वि:- श्लोक-7
2. राजवल्लभवास्तुशास्त्रम् - मण्डनविरचित, मिक्षक लक्षणम्, श्लोक-10

घर के दो अंग हैं- (1) निर्माण (2) प्रवेश।

प्रवेश तीन प्रकार का होता है- (1) अपूर्व प्रवेश (2) सपूर्व (3) द्वन्द्वोभय।

अपूर्व प्रवेश - सर्वथा नवीन घर में किए जाने वाले प्रवेश को अपूर्व प्रवेश कहा जाता हैं।

सपूर्व प्रवेश - यात्रावसान के बाद किए जाने वाले प्रवेश को सपूर्व प्रवेश कहते हैं।

द्वन्द्वोभय - पूराने घर की मरम्मत आदि कराने के बाद उसमें प्रवेश को द्वन्द्वोभय करते हैं।

इन तीनों प्रकार के प्रवेशों में अपूर्व संज्ञक प्रवेश अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि यह सर्वथा नवीन गृह में होता है। गृहनिर्माण से पूर्व शल्योद्धार और दिक्साधन आदि प्रमुख सिद्धान्त विचारणीय हैं।

दिक्साधन - गणित के माध्यम से दिक्साधन का विधान है, जिसके बिना निर्मित घर को दिङ्मूढ़ कहते हैं, जिसमें निवास करना मृत्युकारक होता है तथा समकोण, समचतुर्भुज, समायत क्षेत्र में गृहनिर्माण करना प्रशंसनीय होता है।

1. **अपूर्वसंज्ञः प्रथम प्रवेश यात्रावसाने च सूपर्वसंज्ञः।**
   द्वन्द्वाभयं चाऽग्निभयादिजातं गृहप्रवेशं त्रिविधः वदन्ति॥
2. **प्रासादे सदनेऽलिन्दे द्वारे कुड्ये विशेषतः।**
   दिङ्मुढे कुलनाशः स्यात्तस्तात् संसाधयेद्दिशम्॥[1]
3. **चतुरसां समा शुद्धांभूमिकृत्वा प्रयत्नतेः।**


एवञ्च- **तस्मिन् दिक् साधनं कार्यं वृत्तमध्यगतेः।**

एवञ्च- **गृहीतस्थलके शङ्कुङ्कमवते स्थाप्येत्क्रमात्॥**[2]

दिक्साधनम्- भूमि के परिक्षण के उपरान्त चारों तरफ से भूमि को बराबर करके दिक्साध न के लिए भूमि के मध्य में एक वृत्त बनाकर उस वृत के मध्य केन्द्र में 12 अंगुल का एक शंकु स्थापित करें। शंकु की छाया पूर्वाह्न में वृत्त के जिस बिन्दु पर प्रवेश करती है, वृत्तनिष्ठ वह बिन्दु पश्चिम तथा अपराह्न में छाया निर्गम बिन्दुनिष्ठ पूर्व होता है। इन दोनों बिन्दुओं से कृत मुखपुच्छगत सरल रेखा दक्षिणोत्तर रेखा पर वृतकेन्द्रबिन्दू से कृत लम्बरेखा वास्तविक पूर्वा पर रेख होगी। दोनों रेखाओं से छिन्न वृत्तप्रदेश पूर्व-पश्चिम एवं उत्तर-दक्षिण बिन्दु होंगे।

---

1. वास्तुसौख्यम् भूमिका - 2/19
2. विश्वकर्मावास्तुशास्त्र 3/7



उपपत्ति – पू द पं. उ वृत हैं। मु. पू. पु. प मत्स्याकार है। मु उ. के. द. पु. मत्स्य के मुखपुच्छ में गई रेखा है। इस रेखा के उपर पू. के. पं. लम्बरेखा है। ये दोनों रेखाओं से छिन्न वृत्तप्रदेश पू. पुर्व. द. दक्षिण प. पश्चिम, उ. उत्तरदिशा दिशा का मापक है।

मु – मुख। पु – पुच्छ।


दिग्ज्ञान वास्तुशास्त्र का मुख्य आधार है। यदि दिशा का समुचित विचार नहीं किया गया तो एव सम्पूर्ण स्थापत्य की कल्पना एक बेइमानी की तरह हो जाती है, जिसमें चतुष्ट्य की प्राप्ति तो दूर जीवन का हर क्षेत्र कष्टमय हो जाता है तथा जीवन की दुरुहता बढ़ जाती है। अतः दिग्ज्ञान एक आवश्यक प्रक्रिया है। प्रत्येक दिशा का एक अधिपति देवता होता है, जो एक निश्चित क्षेत्र में निश्चित प्रभाव रखता है। उन देवताओं की प्रकृति उनके प्रभाव को परिभाषित करती है। दिशायें चार हैं, जिसे क्रमशः उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम कहा जाता है तथा इनके चार कोण हैं जो कि ईशान, आग्नेय, नैर्ऋत्य तथा वायव्य के नाम से जाने जाते हैं। दिशाओं के कोणों का विभाजन निम्न प्रकार किया गया है, जिसके अपने अपने प्रभाव है।

1. उत्तर तथा पूर्व के मध्य – ईशान
2. पूर्व तथा दक्षिण के मध्य – अग्निकोण
3. दक्षिण तथा पश्चिम के मध्य – नैऋत्य
4. पश्चिम तथा उत्तर के मध्य – वायव्य

---

1. वास्तुसौख्यम 2/18 एवं वास्तुसारसंग्रह सप्तम श्लोक

• वास्तुसौख्यम 2/18 एवं वास्तुसारसंग्रह सप्तम श्लोक



किसी भी भूखण्ड पर निर्मित वास्तु आठों दिशाओं के प्रभाव में होते हैं, क्योंकि इन आठों दिशाओं के आठ देवता होते हैं। उस देवता का प्रभाव दिशा पर पड़ता है। यथा–

उत्तर दिशा का देवता कुबेर है तथा उत्तर दिशा स्थिति को प्रभावित करती है। यदि उत्तर दिशा में कोई भी निर्माण कार्य किया जाय तो इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि वह निर्माण भारी न हो। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण है कि चुम्बकीय प्रवाह किसी भी प्रकार की बाधा से प्रवाहित होने से रक्षा की जाय। अतः यथा सम्भव उत्तर की दिशा को खाली छोड़ दिया जाय। साथ ही साथ उत्तर दिशा धन की दिशा होने के कारण कोष या धनागार के लिए प्रयोग की जाय।

ईशन कोण का अधिपति भगवान शिव हैं। ये दिशा देवताओं के अधिपति महादेव के प्रभाव में होने के कारण आध्यात्मिक उन्नति के लिए श्रेष्ठ है। यह दिशा जल के लिए उपयुक्त है। अध्ययन कक्ष का निर्माण भी इस दिशा में करना श्रेयस्कर रहता है। अतः इस दिशा को पूजाकार्य के लिए प्रयोग करना चाहिए।

पूर्व दिशा के अधिष्ठाता देवता सूर्य है, जो बल तथा वीर्य कारक है तथा वंशवृद्धि का कारक है एवं अस्थियों का अधिपति है। अतः इस दिशा को अवरोध से मुक्त रखना चाहिए तथा यथेष्ठ खाी स्थान इस दिशा में अवश्यमेव छोड़ना चाहिए, जिससे धनात्मक ऊर्जा का प्रवाह

प्रचूरमात्रा में बना रहे। अतः यथा संभव पूर्व दिशा में स्नानागार तथा ड्राइंग रूम बनाया जा सकता है।

आग्नेय कोण अग्नि देवता के प्रभाव के प्रभाव में होने के कारण शारीरिक उन्नति का आधार है। शरीर के स्वास्थ्य के लिए भोजन की अहम भूमिका है। अतः इस दिशा को पाकशाला के लिए उपयुक्त घोषित किया गया है। शारीरिक (भौतिक) तथा आध्यात्मिक उन्नति के लिए अग्नि तत्त्व की भूमिका अहम है।

दक्षिण दिशा व्यक्ति के जीवन में ठहराव लाती है। किसी भी व्यक्ति में सुदृढ़ता के लिए धन की अहम भूमिका है। अतः दक्षिण दिशा धनप्राप्ति के अवसर प्रदान करती है। यदि दक्षिण दिशा निर्माणकार्य से प्रभावित होगी तो रोजगार के अवसर में बाधा उत्पन्न होती है। जीवन में किसी भी प्रकार की बाधा मानसिक तनाव को जन्म देती है, इसलिए दक्षिण दिशा में अनुकूल निर्माण करके जीवन को प्रसन्नचित रखा जाय। अतः आवश्यक है कि शयनकक्ष का निर्माण दक्षिण दिशा में किया जाय।

नैऋत्य कोण प्रतिनिधित्व दैत्य है। मानव तथा दैत्य का सम्बन्ध आपस में ठीक नहीं है, परन्तु वास्तु का निर्माण मानव जीवन की अनुकूलता के लिए किया जाता है। अतः नैऋत्य कोण में अनुकूल निर्माण करके उसको संयमित किया जा सकता है। इस दिशा में समकोण पर भारी निर्माणकार्य करना उत्तम रहता है। अतः यहां पर भण्डारागार तथा शयनकक्ष निर्मित करके उसे संतुलित किया जा सकता है।

पश्चिम दिशा का अधिष्ठाता देवता वरुण है। यह जीवन में सफलता, प्रतिष्ठा तथा यश को प्रदान करता है। आध्यात्मिक जगत में पूजा-पाठ के कार्यों में वरुण देवता की स्थापना का विधान है। पश्चिम की दिशा सम्पन्नता की प्रतीक है। अतः इस दिशा में भोजनकक्ष का निर्माण तथा बच्चों के कक्ष का निर्माण उपयुक्त रहता है।


वायव्य कोण में वायु देवता का अधिपत्य होने के कारण यहां ठहराव का अभाव रहता है। वायु देवता में चंचलता का गुण है। स्थानविशेष के देवता का प्रभाव दिशा पर भी पड़ता है। अतः वायव्य कोण में अतिथिकक्ष का निर्माण यथेष्ठ है।

दिशा के उपरोक्त गुण तथा व्यवहार को ध्यान में रखकर यदि निर्माण का कार्य किया जाय तो जीवन में अनूकूलता की अपेक्षा कर सकते हैं।

वास्तुशास्त्र के विभिन्न ग्रन्थों में आवासीय भवन को 16 भागों में विभाजित करके विभिन्न दिशाओं में कमरों का निर्माण करना चाहितए।

क्रमांक	दिशा	कक्ष निर्माण
1.	ईशान	पूजाकक्ष
2.	ईशान एवं पूर्वमध्य	भण्डार घर
3.	पूर्व	स्नानागार
4.	आग्नेय एवं पूर्वमध्य	दधिकक्ष
5.	आग्नेय	रसोई घर
6.	आग्नेय एवं दक्षिण मध्य	घी-तेल संग्रह कक्ष
7.	दक्षिण	शायन कक्ष
8.	दक्षिण एवं नैऋत्य के मध्य	शौचालय
9.	नैंऋत्य	शस्त्र एवं भण्डारागार
10.	नैऋत्य एवं पश्चिम के मध्य	अध्ययन कक्ष
11.	पश्चिम	भोजन कक्ष
12.	पश्चिम एवं वायव्य के मध्य	रोदनगृह
13.	वायव्य	पशुशाला
14.	वायव्य एवं उत्तर के मध्य	रतिगृह
15.	उत्तर	कोषागार
16.	उत्तर एवं ईशान के मध्य	औषधि कक्ष[1]


आवासीय भव में कक्ष–



(1) भारतीय वास्तुशास्त्र– प्रो. शुकदेव चतुर्वेदी, अध्याय-14


आंगनविचार– एकाशीति पदवास्तु में ब्रह्मा के 9 स्थान होते हैं। परन्तु भूखण्ड को आकार बढ़ने के साथ-साथ ब्रह्मा का स्थान भी बढ़ता जाता है। यथा– 144 पद वास्तु में 124 पद, 169 पदवास्तु में 36 पद ब्रह्मा के होते हैं। वास्तु के अधिकांश मर्मस्थान इन्हीं के अन्तर्गत आते हैं। अत: ब्रह्मस्थान की रक्षा के लिए गृहनिर्माण के समय आंगन या चौक बनाया जाता था। परन्तु जगह के अभाव में धीरे-धीरे यह परम्परा लुप्त होती जा रही है। परन्तु प्राचीन काल की इमारतों में इस पर विशेष ध्यान दिया जाता था।[1]

वास्तुशास्त्र का नियम है कि मर्मस्थान या ब्रह्मस्थान पर किसी भी प्रकार का भारी निर्माण कार्य नहीं करना चाहिए।



1. राजवल्लभ वास्तुशास्त्र, पृ. 5
वास्तुमण्डनम् – 5/12
मयमतं – षष्ठोध्याय:
शि. शिरोमणि – 3/8, 9
कमलाकर भट्ट – ने सिद्धान्त तत्त्वविवेक में कहा है कि–
सचुम्बिकादेव सुशिल्प विज्ञ: कुर्वन्तिदिखान मितोऽन्यर्थे।
पूर्वापारा याऽत्र कृता प्रकारेर्ज्ञेया बुधै सा समण्डलीय।।

दिवसकाल में दिक्साधन का यन्त्र शंकु



ज्ञातव्य है कि अयनांश व अन्य कारणों से ध्रुव का तारा व कृतिकादि नक्षत्र ठीक दिशा में उदित नहीं होते। आजकल दिक्सूचक यन्त्र या कुतुमनुमा से उत्तर सहित अन्य दिशाओं का ज्ञान आसानी से किया जा सकता है।

गृहविन्यास– एकाशीतिपदवास्तु में यदि गृहविन्यास किया जाय तो वह निम्न प्रकार से किया जाता है। यथा– विवस्वान के स्थान पर अभिषेक स्थल, मित्र के स्थान पर मुख्यगृह, पृथ्वीधर के स्थान पर सभागृह तथा उसी के पास भण्डारगार का निर्माण करना चाहिए।

आयवत्स के स्थान पर वस्त्रागार व सावित्र के स्थान पर भोजनगृह तथा सविता के स्थान पर व्यञ्चनशा का निर्माण करना चाहिए।

ईश के पद पर देवालय तथा देवार्चाओं का मुख दक्षिण या पश्चिम में रखना चाहिए।

जय के पद पर भगवती लक्ष्मी का कक्ष, इन्द्रकोण में प्रवचनशाला एवं शस्त्रगृह तथा सूर्य के पद पर खर्चगृह व आंगन बनाएं। वाहन के पद पर अन्न व गोस्थान तथा वितथ के स्थानों पर शस्त्रधारी योद्धाओं की आयुधशाला या पर्णकुटी तथा भोजन बनाना चाहिए।

गन्धर्व के पद पर रतिगृह तथा नृत्यशाला का निर्माण किया जाना चाहिए।

पितृ के पद पर स्नानागार व द्यूतकक्ष या दौवारिक के स्थल पर जलक्रीडागार बनाएं।

मुख्य के पद पर कन्याओं का गृह बनाएं तथा मल्लाह पद पर वैद्यक का स्थान हो। गिरीस्थान पर मलस्थान तथा रजस्वला का स्थान निर्धारित करें। अदिति के स्थान पर सूत–चारण, आदिति पर गर्म जल का हौद एवं मसाजों का स्थान बनाना उचित रहता है।

1. वास्तुमण्डनम्, पञ्चमोध्याय: गृहविन्यास: श्लोक– 13, 14, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 25, 26, 27 ।

Cultural Diversity and Women: Issues of Identity and Development

Dr. Yuthika Mishra

Cultural diversity is the norm in a world of nation- states. A recurrent problem is how to organize what are in fact, multi-ethnic, multi-lingual and gendered nation states so that majorities and minorities are able to coexist, effectively participate in the life of the state and contribute fruitfully in the process of development and nation building. This position should be able to encourage adherence and unity rather than leading to cultural alienation or destroying identity. In a gendered perspective women form a category which is not a homogeneous entity by any means as they are further subdivided on the basis of their diverse cultural traits. While multicultural liberal democracies like India sincerely try to champion equality and individual human rights, they often face considerable difficulties in accommodating culturally diverse communities.

Going by the Gandhian notion of remaining firmly rooted in one's culture and at the same time negotiating cultural diversity at home as well as the onslaught of forces of global change, women have a double task of not only preserving their own identity but also to contribute in the developmental process. This paper attempts to understand the question of identities of women and how they are defined and redefined in the wake of developmental processes. This is one of the foremost concerns that need to be negotiated in order to start our journey to explore the arena in which women have to work. The opportunities for personality development are few and far between and those too on the terms of a patriarchal society which nurtures on the *secondariness* of women. The foremost prerequisites of personality development are independence and equality. However, these are still quite unattainable goals for a majority of women especially in the subcontinent.

Social boundaries however inflexibly conceived are never impenetrable and community identity need not always overshadow individual identity. Beginning with this premise this Paper attempts to focus on the social boundaries of women in India and their place in the family, for the most part of their adult lives, and how these social institutions are used as parameters of community identity. An effort shall be made to understand the question of

identities of women and how they are defined and redefined in the wake of developmental processes.

The questions of social boundaries and community identities are not two different issues but are inseparable parts of one whole[1]. This is one of the foremost questions that need to be negotiated in order to start our journey to explore the arena in which women have to work. The opportunities for personality development are few and far between and those too on the terms of a patriarchal society which nurtures on the *secondariness* of women.

I

Women constitute half the humanity. Going by these standards and the fact that half the humanity has to struggle for their rights shows the gravity of the situation of women's reality. 'Women' as a category of research are those species that are different from men by way of their physiological or structural differences. Simon de Beauvoir (1953) has rightly put it:

> One is not born but rather becomes a woman. No biological, psychological, or economic fate determines the figure that the human female presents in society; it is civilization as a whole that produces this creature, intermediate between male and eunuch, which is described as feminine.[2]

Beauvoir has attempted to show how women's identities are created and constrained by social attitudes and cultural norms. This is a pointer towards the pervasiveness of patriarchal power, which fuels the belief that women are most fulfilled within the family and home. Not many attempts have been made by second wave feminist researchers to liberate the word 'woman' from the cliché that has come to be associated with it.[3] But Beauvoir, more than 60 years ago, looked at the body as a situation and provides an alternative to sex and gender thinking. For her it was freedom- not identity, difference or equality- that was fundamental to feminism.[4]

1. S. Joseph, *Interrogating Culture: Critical Perspectives on Contemporary Social Theory*, (New Delhi, Sage Publications, 1998), G.Mahajan, *Identities and Rights: Aspects of Liberal Democracy in India*, (Delhi, OUP, 1998) and Bidyut Chakrabarty ed. *Communal Identity in India: Its Construction and Articulation in the Twentieth Century*, (New Delhi, OxfordUniversity Press, 2003), 1-8.
2. Simone deBeauvoir, *The Second Sex*, (Translated from the French and edited by H.M. Parshley and published in England by Jonathan Cape Ltd. in 1953.) first Four Square Edition, 1960, 9.
3. Moi, Toril, *What is a Woman? And Other Essays*, (Oxford University Press, 1999), Chapter 1.
4. Beauvoir, 1959, Ibid, 250-270.

In this paper an attempt has been made to identify the parameters that are used for preserving community identity on the one hand and at the same time it tries to understand how they lessen opportunities for women in the public space. The issues of family, caste, class, religion, language, citizenship, nation and region (the pointers to diversity) are all inextricably mixed up in the Indian and in the larger global context too. Obviously multiplicity of identities generates diversity. In such a scenario which is brimming with cultural diversity women have been constantly moving forward as a whole- as is shown by the growth and development of women's movements the world over.

II

Writing about cultural diversity and development the Universal Declaration on Cultural Diversity Adopted by the General Conference of the United Nations Educational, Scientific and Cultural Organization at its thirty-first session on 2 November 2001 says in ARTICLE 3:-

Cultural diversity widens the range of options open to everyone; it is one of the roots of development, understood not simply in terms of economic growth, but also as a means to achieve a more satisfactory intellectual, emotional, moral and spiritual existence.

The question of 'culture', which is linked to the above, has undergone a paradigmatic shift in the recent decades. Culture is no more a mere concept or one of the core concepts in the textbooks of sociology or social anthropology, which simply means a category and an 'integrated and bounded system of symbols and meanings'. In the eighties and nineties a change could be seen in the treatment of the concept of culture and it emerged as a framework encompassing the debates on contemporary issues like civil rights, gender, environment, caste and development.[1]

At the theoretical level this shift implied an opening up of newer vistas for the social sciences. In the framework of culture the concepts of community and identity occupy the same place, which was occupied by the term class in the construction of economy. During the eighties and nineties the issues of culture and identity became the major concerns of the emergent trends of postmodernism and post-structuralism, initially used in the disciplines of literature and philosophy. Gradually it became an all-pervasive tendency.

However the reality in the Indian context is quite different. Here several other factors combined to increase the importance of the notions of culture, community and identity in the field of social science enquiry. Foremost amongst these was the changing political

1. Raymond Williams, ***Keywords: A Vocabulary of Culture and Society***, (New York, Oxford University Press, 1976) and *The Long Revolution*, (Broadview Press, 2001).

scenario of the country. The past two decades saw the emergence of new movements of farmers, dalits, tribals, women and other ethnic groups. These new social forces not only raised different kinds of demands but also questioned the state policies and programmes meant for their welfare and progress. The coming together of these diverse groups generated a new awareness and fuelled identity politics. In turn there was all possibility that these sections might become agencies of the power wielders.

This was coupled with changes at the national and global levels. The previous achievements of modernization and development that went along with a scientific and rational attitude towards society during the 50s and 60s, popularly known as the Nehruvian agenda were sidelined.[1] Instead a new agenda emerged, that of secularism, which had implications on the policy of cultural diversity. The growing interest in the movements for the protection of civil rights and the question of citizenship and civil society brings us on to the Indian constitution that recognizes communities and grants certain privileges to them. However such recognition does entail complexities.

Other important questions around this time were that of environmental crisis and globalization, both of which were linked to the questions of community and identity. While the new discourse on ecology views communities as important agents of conservation and sustainable development, globalization has altered the ways that various communities and nations have come to view themselves.

Thus community is the most fundamental and far reaching of sociological ideas and is used as the basic framework to signify social relations and explain the process of social development. As Gusfield points out, 'the dichotomy of 'community' and 'society' has been the most influential framework within which the sociologists have set their discussions of human associations and social change.'[2] Thus the concept of community needs to be dissected in order to know its implications. More recently the substantivist and constructionist aspects of the term have been used frequently; they dominate the social sciences discourse on contemporary India and have come to encompass questions related to environment, health, displacement, ethnicity, diasporas, human rights and caste politics.[3]

Community occupies a central place in the major discourses in India from sociological and anthropological perspectives. It has always been seen as the oppositional other of the west, more like the occident vs. the orient image, and has been considered as the ideal

1. V. Das, ed. *Communities, Riots and Survivors in South Asia*, (Delhi, OUP, 1990).
2. J.R. Gusfield, *Community: A Critical Response*, (Oxford, Basil Blackwell, 1975), 1-2.
3. Surinder S. Jodhkaed. *Community and Identities: Contemporary Discourses on Culture and Politics in India*, (New Delhi, Sage, 2001), 13-31.

example of community type of traditional social organization with strong kinship bonds. According to the substantivist approach the real units of social organization in India have cultural markers like religion, caste, ethnicity and that these are older traditional units that suffered during the colonial and post-colonial periods. On the other hand the constructionist approach looks at communities not as survivals from pre-colonial times but as the creation of colonialism. This falls in line with Foucault's thesis that it was the colonial state that created a civil society in trying to meet the demands of governance and control.[1]

Similarly there was an increasing concern with the study of *social identities* like nation, gender and caste and it got invariably linked to culture. The concept of identity gained ground during the 1980s when most of the social movements and discourses centered on the issues of identity. Internationally too, the themes of culture and identity became popular and covered almost all issues of religious, linguistic, national and sexual identity as different from questions of economic justice. The phenomenon of identity formation thus became one of cultural realm as distinct from the economic. This shift to culture is a paradigmatic shift implying that 'culture' is no longer seen simply as an 'integrated and bounded system of symbols and meanings'. In the last two decades of the previous century a change could be seen in the treatment of the concept of culture. Along with categories of civil society, community and identity, culture emerged as framework for debating questions of not only contemporary politics but also of analyzing the colonial era.

III

While analyzing the theme of cultural diversity and its impact on women's lives it is important to keep in mind the changing position of women over time as well as their increasing role in the development process. All this entailed a long struggle the story of which is not hidden. The struggle of women for suffrage, a key political right enjoyed by people in a democracy, is a good example. In different societies people had to suffer a great deal for the acquisition of this political right, particularly women. In almost every country, women achieved this political right much later than men and that too after prolonged struggle. In India, women got the voting right along with men under the new constitution upon achieving independence from the British rule.

Another instance is the institution of marriage. Apart from the regional variations in the customs regulating marriage in India, there are differences in the personal laws governing various religious communities, which is responsible to a large extent in maintaining identities by specifying the boundaries of their womenfolk. This does not imply that there are no boundaries for the men folk but they are definitely expandable and surmountable.

---

9. Carol Upadhyaya in Surinder S. Jodhka, 2001, Ibid, 33-58.

The patriarchal nature of society, almost globally, is largely to be blamed for the obvious dissimilarities for the genders in the same system.

Another glaring reality that hits women in the face is that while the society appears to be changing outwardly in actuality the so called dialectic of change leads to further stagnation. This is also a pointer towards the growing defenses of a community in terms of strengthening its boundaries in the face of an onslaught, as in the case of the Purdah system amongst Hindus that is waning but is showing no signs of ending; or an otherwise harmless looking social change like the coming out of women from their domestic spaces into the public sphere for work. Whether the context is colonial or postcolonial, cultural diversity is being used as a hindrance in the path of women and in molding community identities and shaping boundaries for women.

IV

A look at the colonial context would help highlight the various nuances of this problem. In the Indian set up the colonial era is very important and relevant. It not only released new forces of change but also many of the features of the Western society were assimilated in the Indian society, sometimes wrongly associated with modernization, giving it a new color. Here the role of English education and socio-religious reform movements may be mentioned for they apparently acted as the motivators of transformation. This effort created the base for a gender sensitive society, which was if not missing previously, was dormant.

It will be observed that change has been imminent all through in the Indian colonial socio-cultural set up and was carried out in the form of reform and revival movements known as the Indian Renaissance. Women's issues formed the main plank of the nineteenth century socio-religious reform movements that are considered as one of the hallmarks of modern India. It is generally believed that with the arrival of the British in the mid 18^{th} century, which is also considered as the period of beginning of modern India, things took a turn for the better for the Indian women. Several changes also took place in the socio- political and economic set up, which were the direct result of a complex interplay of indigenous forces and the forces of British impact. The Indian response to the imperial stimulus was the Indian National Movement, by no means an isolated phenomenon, which grew in the first half of the twentieth century. This movement, for the first time saw the shattering of community identities and their social boundaries. Despite the differences of caste, class, gender and community the struggle for national liberation brought various groups together with the common objective of banishing the enemy.

The position of Indian women was affected in a big way by the British influences and ideologies like the Anglicist, Orientalist and Utilitarians. The status of women in Indian

लेखकसूची

1. **डॉ. सुन्दरनारायणझाः**, सहायकाचार्यः-वेदविभागे, श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रिय-संस्कृतविद्यापीठम्, नवदेहली-16

2. **डॉ. आमोदवर्धनकौण्डिन्न्यायनः**, सहप्राध्यापकः वेदविभागे नेपाल संस्कृतविश्वविद्यालयः, नेपालः

3. **श्रीयीशनारायणद्विवेदी**, शोधच्छात्रः- विशिष्टसंस्कृताध्ययनकेन्द्रम्, जवाहरलालनेहरुविश्वविद्यालयः, नवदेहली-67

4. **श्रीरमेशकुमारमिश्रः**, शोधच्छात्रः- साहित्यविभागे, श्रीकामेश्वरसिंहदरभंगा-संस्कृतविश्वविद्यालयः, दरभंगा, बिहारः

5. **श्रीरविन्द्रकुमारबरमोला**, शोधच्छात्रः- ज्योतिषविभागे, श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रिय-संस्कृतविद्यापीठम्, नवदेहली-16

6. **प्रो. मनोज कुमार मिश्र**, आचार्य- वेदविभाग, राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्, श्रीरणबीरपरिसरः, जम्मू

7. **डॉ. कमलेश रानी**, सहायकाचार्या- संस्कृतविभाग, कमलानेहरुमहाविद्यालय, अगस्तक्रान्तिमार्ग, खेलगाँव, नई दिल्ली-49

8. **प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय**, शोध-प्रकाशनविभागाध्यक्ष, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली-16

9. **प्रो. केदार प्रसाद परोहा**, विशिष्टाद्वैतविभागाध्यक्ष, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली-16

10. **डॉ. सन्तोष कुमार शुक्ल**, सहाचार्य, विशिष्ट संस्कृत अध्ययन केन्द्र, जवाहर लाल नेहरु विश्वविद्यालय, नई दिल्ली-67

    एवम्

    ठाकुर शिवलोचन शाण्डिल्य, शोधच्छात्र, विशिष्ट संस्कृत अध्ययन केन्द्र, जवाहर लाल नेहरु विश्वविद्यालय, नई दिल्ली-67

11. **डॉ. सुभाष चन्द्र मिश्र**, सहायकाचार्य- ज्योतिषविभाग, राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थान, के.जी.सौमय्यापरिसर, मुम्बई

12. **Dr. Yuthika Mishra**, Associate Prof. Vivekanand College, Vivek Vihar, New Delhi-95

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ

(मानित विश्वविद्यालय)

नई दिल्ली—११००१६

शोधप्रभा—सदस्यता—पत्र

महोदय,

मैं ....विद्यापीठ द्वारा प्रकाशित होने वाली **त्रैमासिक** शोधपत्रिका ''शोधप्रभा'' वर्ष.......................का वार्षिक सदस्य बनना चाहता/ चाहती हूँ।

शोधप्रभा की वार्षिक सदस्यता राशि रु० १५०/— (एक सौ पचास) नगद/बैंक **ड्राफ्ट** माध्यम से जमा करा रहा/रही हूँ।

बैंकड्राफ्ट संख्या.......................... .... हस्ताक्षर..

बैंक का नाम.. नाम...

तिथि.. विभाग..

....

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ

(मानित विश्वविद्यालय)

नई दिल्ली—११००१६

डॉ०/श्री/सुश्री/श्रीमती ....से **त्रैमासिक** शोधपत्रिका ''शोधप्रभा'' वर्ष.......................की वार्षिक सदस्यता राशि................. **रु.** नगद/बैंकड्राफ्टसं० ....दिनांक ....को सधन्यवाद प्राप्त **किया**

प्राप्तकर्त्ता के हस्ताक्षर

संस्था की मुहर